## न्यूज ब्रीफ

### खेलते समय चोट लगने से छात्र बेहोश

**फतेहपुर, बाराबंकी :** विद्यालय में खेलते समय कक्षा आठ का छात्र अचानक गिरकर बेहोश हो गया। शिक्षकों ने आनन-फानन उसे सीएचसी पहुंचाया जहां पर उपचार किया गया। तहसील क्षेत्र के पैगम्बरपुर गांव निवासी प्रफुल्ल का 12 वर्षीय बेटा नन्दन वतिया गांव स्थित इण्टर कालेज में कक्षा आठ का छात्र है। शुक्रवार दोपहर लंच के दौरान प्रांगण में बच्चों के साथ खेलते समय अचानक नन्दन को चोट लगी और वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। घटना से विद्यालय में अफरा तफरी मच गयी, शिक्षकों ने तत्काल छात्र को सीएचसी फतेहपुर पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार नन्दन के सिर में मामूली चोट लगने से वह बेहोश हो गया था, उपचार के बाद उसकी स्थिति बेहतर है।

### मानसिक रूप से अस्वस्थ अधेड़ लापता

**निन्दूरा, बाराबंकी :** कुर्सी थाना क्षेत्र से एक मानसिक रूप से अस्वस्थ अधेड़ व्यक्ति लापता हो गया। जानकारी के अनुसार अलाउद्दीन 50 निवासी मूल रूप से ग्राम पिण्डसावां थाना घुंघटेर 15 साल से अपने परिवार के साथ ग्राम विसई, कुंडवा चौराहा के पास रह रहे थे। परिजनों के अनुसार अलाउद्दीन 27 जनवरी की सुबह अचानक घर से लापता हो गए। बताया गया कि अलाउद्दीन करीब 20 साल से मानसिक बीमारी का इलाज करा रहे थे। लापता होने के बाद से परिजन व रिश्तेदार लगातार दो दिनों तक संभावित स्थानों व रिश्तेदारी में खोजबीन करते रहे, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। इससे परिवार तनाव में है। छोटे भाई डॉ. लुकमान अंसारी ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# भूमि अधिग्रहण का विरोध सर्किल रेट बढ़ाने की मांग

## पंचायत भवन में हुई यूपीडा अफसरों व किसानों की संयुक्त बैठक

संवाददाता हैदरगढ़, बाराबंकी



प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार:** औद्योगिक गलियारे के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण को लेकर तहसीलदार कविता ठाकुर की अध्यक्षता में ग्राम सतरही के पंचायत भवन में यूपीडा अधिकारियों और किसानों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में किसानों ने सर्किल रेट कम होने और जबरन भूमि अधिग्रहण का विरोध करते हुए अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। किसानों ने बताया कि वर्ष 2010 में बम्हरौली, घरकुंइया, सतरही, बहरामपुर, पेचरुआ और अंदऊमऊ गांवों का सर्किल रेट मात्र 8 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर था। वर्ष 2015 में अंदऊमऊ का सर्किल रेट 17 लाख, घरकुंइया व सतरही का 20 लाख तथा बम्हरौली व बहरामपुर का 22 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर किया गया, लेकिन इसके बाद 11 वर्ष बीतने के बावजूद इन पांच गांवों का सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया है, जबकि अन्य गांवों का रेट बढ़ा दिया गया है। किसानों ने विशेष रूप से अंदऊमऊ पंचायत के राजस्व गांव मालिनपुर का उदाहरण देते हुए बताया कि जहां 2026 में मालिनपुर का सर्किल रेट 26 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर कर दिया गया है, वहीं अंदऊमऊ का रेट 2015 से यथावत है। किसानों ने मांग की कि खेती पर निर्भर परिवारों की जमीन न ली जाए और चकबंदी प्रक्रिया के माध्यम से किसानों की भूमि को एक ओर कर शेष भूमि पर उद्योग स्थापित किया जाए। किसानों ने अधिकारियों से आग्रह किया कि उनकी आपत्तियों को शासन तक पहुंचाया जाए। किसानों ने विश्वास जताया कि हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार केवल सहमति देने वाले किसानों की ही जमीन ली जाएगी और किसी भी किसान की भूमि जबरन अधिग्रहित नहीं की जाएगी। बैठक में सैकड़ों किसानों ने लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कीं।

## ठगों ने बैंक खाते से 2.80 लाख उड़ाए

**निन्दूरा, बाराबंकी:** अमृत विचार

कुर्सी थाना क्षेत्र में आनलाइन ठगों ने एक बैंक ग्राहक के खाते से लाखों रुपये उड़ा दिए। ग्राम जबरी खुर्द निवासी तस्लीम पुत्र मोहम्मद नसीम ने पुलिस को बताया कि उसका यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बेहटा शाखा थाना गुडम्बा, लखनऊ में है। तस्लीम ने बताया कि 13 नवंबर को उसके खाते से अलग-अलग ट्रांजैक्शन के माध्यम से कुल 2,80,000 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई। आरोप है अज्ञात ने धोखाधड़ी कर ऑनलाइन माध्यम से रकम निकाल ली। मामले में तस्लीम ने थाना कुर्सी में प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दी।

# अनुदानित-गैर अनुदानित उर्वरकों पर निर्देश जारी

संवाददाता बाराबंकी



दिशा-निर्देश देते जिला कृषि अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शासन के निर्णय के क्रम में जिला कृषि अधिकारी राजित राम की अध्यक्षता में उर्वरक विक्रेताओं की बैठक एवं गोष्ठी शुक्रवार को विकास भवन के स्वर्ण जयन्ती सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए गए कि अनुदानित उर्वरक के साथ कोई भी गैर अनुदानित स्टॉक न प्राप्त या बिक्री न हो तथा यदि किसी गोदाम में गैर अनुदानित स्टॉक हो तो उसे तुरंत संबंधित कंपनी को वापस किया जाए।

मुख्य अतिथि राजित राम ने निर्देश दिए कि सभी विक्रेता अपने फार्म और विक्रय प्राधिकरण पत्र में कंपनी का नाम अंकित करें, जिंक, सल्फर, माइक्रो, टॉनिक, जैव उर्वरक, पीजीआर, बायोस्टिमुलेंट व प्लांट स्टिमुलेंट की बिक्री नियमों के अनुसार करें और स्टॉक/बिक्री रजिस्टर अद्यतन रखें। किसी भी अनियमितता मिलने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई सुनिश्चित होगी। गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी कृभको राहुल सिंह एवं राज कुमार, क्षेत्राधिकारी-इफको, बाराबंकी के साथ-साथ जिले के अनेक उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृभकों की योजनाओं की जानकारी, मिट्टी परीक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और सूक्ष्म पोषक तत्वों की जानकारी पर विस्तार से चर्चा की गई।


बैठक में मौजूद उपनिरीक्षक व महिलाएं। अमृत विचार

### संयुक्त बैठक में दी योजनाओं की जानकारी

**देवा, बाराबंकी :** क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं आशा बहुओं की संयुक्त बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित महिलाओं को उच्चाधिकारियों के निर्देशों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 महिला सशक्तिकरण अभियान, साइबर जागरूकता एवं यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला उपनिरीक्षक चंदा यादव, महिला कांस्टेबल प्रिया सिंह, पूजा सिंह, शीतल चौहान, अंकिता दुबे तथा महिला होमगार्ड कमला देवी द्वारा नारी सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को स्वावलंबन एवं सुरक्षा के उद्देश्य से घरेलू हिंसा, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध, मिशन शक्ति केंद्र तथा यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### महाविद्यालय का नाम अब 'रामनगर पीजी कॉलेज'

**रामनगर, बाराबंकी :** डा. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या ने बाराबंकी के रामनगर स्थित अनुदानित महाविद्यालय के नाम परिवर्तन को आधिकारिक मान्यता दे दी है। विश्वविद्यालय ने आदेश के माध्यम से स्पष्ट किया कि अब महाविद्यालय को रामनगर पीजी कॉलेज रामनगर"केनामसेपढ़ा, समझा और पत्राचार किया जाएगा। अब तक प्रचलित रामनगर स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर नाम के स्थान पर नया नाम प्रभावी रहेगा। यह निर्णय राज्यपाल सचिवालय एवं उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व आदेशों के क्रम में लिया गया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में बीएड विभाग के छात्रों ने आईजीआरएस पोर्टल पर अंकतालिकाओं में महाविद्यालय के नाम की विसंगति को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। प्रबंध समिति व प्राचार्य प्रो. डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र द्वारा आवश्यक साक्ष्यों सहित प्रकरण विश्वविद्यालय व संबंधित विभागों के समक्ष रखा गया। विश्वविद्यालय के निर्णय से छात्रों के शैक्षणिक अभिलेखों में आ रही त्रुटियों का समाधान होगा। इससे अंकतालिका, प्रमाणपत्र व अन्य दस्तावेजों में नाम संबंधी भ्रम समाप्त होने से छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत मिली है।

## संपूर्ण विश्व की जानकारी देता है सामाजिक विज्ञान

**बाराबंकी, अमृत विचार:** सामाजिक विज्ञान विषय के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे और अंतिम बैच का उद्घाटन डायट प्राचार्य अमित यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। उन्होने कहा कि सामाजिक विज्ञान विषय दुनिया के बारे में जानकारी देने का सबसे सरल साधन है, यदि हम इसका अध्ययन करते हैं तो देश-विदेश की विभिन्न संस्कृतियों के बारे में हमें जानकारी मिलती है। प्रशिक्षण में सामाजिक विज्ञान विषय के क्रमबद्ध अध्ययन और नवीनतम तकनीकियों के बारे में प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी दी गई। प्रवक्ता अमित राय ने कहा कि हमारा यह प्रयास रहेगा कि सभी शिक्षकों को सरलतम तरीके से नवीन गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाए। नोडल प्रवक्ता सुकेश रंजन श्रीवास्तव के अनुसार इस ट्रेनिंग में चार ब्लाक मसौली बनीकोडर दरियाबाद व निंदूरा से 200 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। इस दौरान गीतांजलि सिंह यादव, महेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### शहीदों को दी श्रद्धांजलि, दो मिनट का रखा मौन


मौन धारण किए हुए जिलाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए अमर सेनानियों की स्मृति में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में 2 मिनट का मौन धारण कर पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों का बलिदान राष्ट्र के लिए अमूल्य धरोहर है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौन धारण कर देश की स्वतंत्रता हेतु सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस मौके पर एडीएम निरंकार सिंह, एडीएम (न्यायिक) राज कुमार सिंह सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शहीद दिवस के रूप में मनाई गई गांधी जयंती

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** श्रीराम अभिलाष स्मारक इंटर कॉलेज चौरी अलादादपुर बनीकोडर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। विद्यालय के संचालक तेज कुमार उपाध्याय एवं प्रधानाचार्य उमाशंकर शुक्ल ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वित्तविहीन माध्यमिक शिक्षक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय ने गांधी जी के जीवन, अहिंसा और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### चार शिकायतों पर की गयी सुनवाई

**मसौली, बाराबंकी :** मसौली ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों में एडीओ पंचायत संजीव कुमार सिंह एवं एडीओ कृषि विजय कुमार की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं। ग्राम पंचायत सादामऊ में सुनील ने प्रधानमंत्री आवास तथा इबरतुल ने परिवार रजिस्टर नकल के लिए प्रार्थना पत्र दिया। मौके पर मौजूद सचिव सौम्या सिंह ने परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध कराते हुए मामले का निस्तारण किया। वहीं ग्राम पंचायत हेतमपुर में रिशा कुमारी ने राशन कार्ड तथा रिंकू ने शौचालय निर्माण के लिए आवेदन किया। सचिव अलमाश रिजवी ने दोनों प्रकरणों को ऑनलाइन कराने की बात कही।

## नोटिस प्राप्त वोटरों की दूसरी सुनवाई का शेड्यूल घोषित

**फतेहपुर, बाराबंकी:** नोटिस प्राप्त मतदाताओं की दूसरी सुनवाई 2 फरवरी से निन्दूरा ब्लाक के तीन और सूरतगंज ब्लाक के एक बूथ पर आयोजित की जाएगी। गुरूवार को तहसील सभागार में एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर शेड्यूल और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। एसडीएम ने बताया कि पहली सुनवाई में यदि किसी दस्तावेज की कमी रह गई है, तो मतदाता को दुबारा कचेहरी का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, बल्कि बीएलओ उनके घर जाकर प्रपत्र कलेक्ट करेंगे। दूसरे शेड्यूल की सुनवाई निन्दूरा ब्लाक के पूमावि खिंझना में बीडीओ आलोक वर्मा, उप्रावि परवरभारी में बीईओ सुषमा सेंगर, राजकीय इण्टर कालेज के बूथ की सुनवाई प्रावि बसारा में अवर अभियंता सचिन यादव और सूरतगंज ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय बसौली में सहायक अभियंता विभाकर द्विवेदी करेंगे। एसडीएम ने यह भी कहा यदि कोई नोटिस प्राप्तकर्ता किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सकता है, तो वह अपने किसी रिश्तेदार को अधिकृत कर दस्तावेज जमा करवा सकता है।

## वन दरोगा को फोन पर जान से मारने की दी गई धमकी

**रामनगर, बाराबंकी:** क्षेत्र के रानीबाजार स्थित क्षेत्रीय वन कार्यालय में तैनात वन दरोगा से फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। वन दरोगा अवैध कटान रुकवाने के प्रयास में था। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार असंद्रा थाना क्षेत्र के ग्राम हाजीपुर पोस्ट सिद्धौर निवासी सचिन पटेल वर्तमान में वन दरोगा के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि 28 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। अपना नाम गुलजार हुसैन पुत्र मो. नसीम निवासी गगियापुर थाना फतेहपुर बताया। आरोप है कि कॉलर ने ग्राम बादीपुरवा में स्थित गूलर के पेड़ को कटवाने की बात कहते हुए मौके पर जांच के लिए न आने की धमकी दी। जब वन दरोगा ने नियमानुसार प्रतिबंधित वृक्ष के कटान हेतु विभागीय अनुमति व परमिट की अनिवार्यता बताई, तो आरोपी भड़क गया और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा।

## अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियां लापता, रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी, अमृत विचार:** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन युवतियां अचानक गायब हो गईं। काफी तलाश के बावजूद इनका पता न चलने पर परिजनों ने आरोपी युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहला मामला थाना बदोसरांय क्षेत्र का है। एक गांव वासी व्यक्ति ने बताया कि उनकी पुत्री 28 जनवरी की सुबह बीए की परीक्षा देने घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। आरोप है कि गांव का ही युवक अमन यादव पुत्र राम सुचित यादव उनकी पुत्री को कहीं भगा ले गया। दूसरा मामला थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र से सामने आया है। एक गांव वासी ने बताया 27 जनवरी को उनकी पुत्री बिना बताए चली गई। परिजनों ने तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। तीसरा मामला थाना रामनगर क्षेत्र का है। भाई ने पुलिस को बताया कि 24 जनवरी की शाम उनकी सगी बहन को गांव के ही उपेन्द्र कुमार वर्मा ने बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया। यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी के परिजनों की इस घटना में पूर्व भूमिका रही है।

## मामूली विवाद में चले लाठी डंडे, सात लोग हुए घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार:** आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। पहली घटना थाना बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम हजरतपुर की है। यहां निवासी अमित कुमार पुत्र संतोष कुमार तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 जनवरी की शाम वह किराने की दुकान से सामान लेकर लौट रहे थे। तभी गांव के ही विपक्षी बृजेश यादव, ननकू उर्फ शिवशंकर यादव, अजय कुमार यादव, ज्ञानचंद यादव, ज्ञानचंद की पत्नी रुक्मणी सहित अन्य लोगों ने एकराय होकर लाठी-डंडे व ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। दूसरी घटना कानून गोयान की है। यहां के सुनील कुमार ने आरोप लगाया 27 जनवरी को बच्चों की लड़ाई को लेकर अजय कुमार, अमित कुमार, प्रेमा देवी व सुमन ने शराब के नशे में सरिया और पाइप से हमला कर दिया। इस हमले में सुनील कुमार के पिता शैल कुमार और उनके भाइयों आनंद कुमार, विजय कुमार व सुमित कुमार को गंभीर चोटें आईं।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

### रेकी कर बनाया वीडियो फिर की लूट, आठ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस की रात मछली पालन केन्द्र पर बंधक बनाकर हुई लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने गैंग के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन सभी ने रेकी कर वीडियो बनाया तब लूट की प्लानिंग की। हालांकि लूटी गई रकम में से साढ़े 87 हजार ही बरामद हो सके। जहांगीराबाद क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मिश्रीपुर स्थित देवां फिशरीज में 26 जनवरी की रात असलहाधारी बदमाशों ने धावा बोला। यहां अलाव ताप रहे मजदूरों को बंधक बनाकर अलमारी में रखे 4 लाख 80 हजार रुपये व 5 मोबाइल फोन उठा ले गये। एएसपी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि टीम द्वारा मुकेश कुमार, शिवराज, देवाशीष सिंह, नौसाद, राजकुमार उर्फ प्रज्ञा दीप रंजन उर्फ राज, मो. सोनू, जुनैद व सुहेल को पलिया मसूदपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 5 अवैध तमंचा, 4 मोबाइल फोन, 87,500 रुपये नकद बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्त मुकेश कुमार उपरोक्त व वांछित अभियुक्तगण सूरज व आशू द्वारा घटना की योजना बनाई गयी थी, घटना करने से पूर्व फार्म हाउस की कई बार रेकी की गयी थी तथा फार्म हाउस का वाडियो भी बनाया गया, वहीं सारी जानकारी एकत्र की गई।

## अयोध्या शरणालय भेजी गई लावारिस महिला

**बाराबंकी, अमृत विचार:** थाना सतरिख क्षेत्र में मिली एक अज्ञात लावारिस महिला को राजकीय महिला शरणालय अयोध्या में संवासित किए जाने का आदेश दिया गया है। यह कार्रवाई उप जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी की संस्तुति पर की गई। 22 जनवरी को डायल 112 की सूचना पर थाना सतरिख पुलिस एक अज्ञात महिला को थाने लाई थी। पूछताछ में महिला ने अपना नाम रामवती 45 पत्नी पांचू लोधी निवासी उन्नाव बताया। दरोगा उपेंद्र यादव, दीवान सुनील यादव, महिला कांस्टेबल रेखा कश्यप द्वारा थाना सफीपुर जनपद उन्नाव एवं जिला नियंत्रण कक्ष के माध्यम से महिला के परिजनों की तलाश की गई तथा फोटो भी प्रेषित किया गया, लेकिन कोई ठोस जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अधिकारी के निर्देश पर महिला की काउंसलिंग वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी द्वारा कराई गई, लेकिन महिला अपने परिवार के बारे में स्पष्ट जानकारी देने में असमर्थ रही।


जिला जेल का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

### डीएम व एसपी ने जिला जेल का किया निरीक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार, बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मुख्य द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के बाद कारागार के भीतरी परिसर, महिला एवं पुरुष बैरक, गौशाला और कारागार अस्पताल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बंदियों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, भोजन, स्वच्छता, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था का परीक्षण किया और अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं व दवाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। अधिकारियों ने कारागार प्रशासन को निर्देश दिए कि अनुशासन, सुरक्षा और स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता हो और सीसीटीवी कैमरे हमेशा चालू एवं क्रियाशील रहें। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, जेलर और अन्य कारागार कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 40 श्रमिकों का किया गया पंजीकरण


शिविर में मौजूद सहायक श्रम आयुक्त। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** श्रम विभाग द्वारा डीएम के निर्देश पर विखं की चिरैया ग्रापं में शिविर आयोजित हुआ। सहायक श्रम आयुक्त अमित प्रकाश सिंह के निर्देशन में आयोजित शिविर में श्रमिकों को विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर के दौरान 40 नरेगा एवं जीरो पावर्टी योजना के पात्र श्रमिकों का पंजीकरण किया गया। साथ ही जीरो पावर्टी योजना के तहत चयनित परिवारों को श्रम विभाग में पंजीकरण कराकर योजनाओं का लाभ दिलाने तथा अटल आवासीय योजना के अंतर्गत श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा से जुड़ी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर योगेश दीक्षित, अमन विक्रम यादव, रामधीरज यादव, पंचायत सहायक एवं रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

### लंगूरी बंदर पर कुत्तों ने किया हमला, मौत

**सूरतगंज, बाराबंकी :** कस्बा सुढ़ियामऊ में शुक्रवार दोपहर आवारा कुत्तों के झुंड ने एक लंगूरी बंदर को काट-काटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोग जब तक लाठी-डंडा लेकर मौके पर पहुंचे, तब तक बंदर ने दम तोड़ दिया। ब्लॉक सूरतगंज क्षेत्र के कस्बा सुढ़ियाममौऊ स्थित शिव मंदिर के पास शुक्रवार की दोपहर लंगूरी बंदर घूम रहा था, तभी अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बंदर खुद को बचाने की कोशिश करता रहा, लेकिन कुत्तों की संख्या अधिक होने के कारण वह असहाय हो गया। लोगों ने शोर मचाकर कुत्तों को भगाने का प्रयास किया, परंतु तब तक बंदर की मौत हो चुकी थी।


गाड़ी का हूटर निकलवाकर चालान करते यातायात प्रभारी रामयतन। अमृत विचार

### हूटर बजाने पर थार का 10 हजार का चालान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पटेल तिराहे पर राजनीतिक दल का झंडा लगाकर हूटर बजाते चल रही थार का दस हजार का चालान किया गया। बातचीत में चाचा की गाड़ी बता रौब बनाने की कोशिश की गई। पटेल तिराहे पर पुलिस ने एक थार पर कार्रवाई की। राजनीतिक दल का झंडा लगाए और हूटर बजाते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन कर रही कार को यातायात प्रभारी रामयतन ने रुकवाया। बताया गया कार चालक मुंह में सिगरेट दबाए लापरवाही से वाहन चला रहा था और हूटर बजा रहा था। जांच के दौरान वाहन से हूटर निकलवाया गया और नियमों के उल्लंघन के आरोप में 10 हजार का चालान किया गया। पूछताछ में चालक ने वाहन पर विधायक सचिवालय का पास लगे होने का दावा किया। वाहन के स्वामित्व के बारे में जानकारी मांगने पर चालक पहले टालमटोल करता रहा और बाद में इसे 'चाचा की गाड़ी' बताते हुए एक राजनीतिक काफिले की रील भी दिखाने लगा। हालांकि, यातायात प्रभारी ने किसी भी प्रकार के दबाव या प्रभाव को नजरअंदाज करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की।

## बेटी की रुख्सती से पहले हुई पिता की विदाई

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी:** एक ओर परिवार में हंसी खुशी का माहौल क्योंकि आने वाली 5 फरवरी को नाजो पली बेटी का ब्याह होने वाला था पर एक घटना सारी खुशियों को ग्रहण लगा गई, वहीं परिवार में मातम पसर गया। दहेज में देने के लिए खरीदी बाइक लेकर घर जा रहे पिता की रास्ते में अचानक मौत हो गई। भिलवल चौराहे पर एक हृदयविदारक घटना ने लोगों को स्तब्ध कर दिया। बेटी के विवाह की खुशियां संजोए पिता की जिंदगी अचानक थम गई। थाना क्षेत्र के मंझार गांव निवासी महेश केवट (45) अपनी पुत्री के विवाह की तैयारियों में जुटे हुए थे। उनकी बेटी की शादी आगामी 5 फरवरी को तय थी। शुक्रवार को वह भिलवल चौराहे पर बाइक खरीदने पहुंचे। बाइक लेकर जब वह लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे से गुजर रहे थे, तभी अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस टीम ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।


सीएम से मुलाकात के दौरान माता-पिता के साथ पूजा पाल। अमृत विचार

### सीएम योगी ने बाल वैज्ञानिक पूजा पाल को दी शाबाशी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थ्रेशर मशीन से उड़ने वाली धूल को कैद करने वाला मॉडल बनाने वाली छात्रा पूजा पाल माता-पिता संग सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलीं। अपने इस आविष्कार व राष्ट्रीय स्तर पर नाम करने के लिए बीते माह नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया था। सीएम से मुलाकात के दौरान पूजा ने पुरस्कार दिखाया और योगी ने उन्हें शाबाशी दी। सीएम ने कहा कि बेफिक्र होकर आगे बढ़ते रहो। पूजा सिरौलीगौसपुर तहसील के डलई पुरवा की रहने वाली हैं। उनके पिता पुत्तीलाल मजदूरी करते हैं और मां सुनीला देवी सरकारी स्कूल में रसोइया हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में पली-बढ़ी पूजा ने घर के काम, पढ़ाई और पशुओं की देखभाल साथ-साथ की। आठवीं कक्षा में पढ़ते समय उन्होंने देखा कि थ्रेशर मशीन से निकलने वाली धूल किसानों और आसपास के लोगों के लिए परेशानी बनती है। गाइड शिक्षक राजीव श्रीवास्तव की देखरेख में उन्होंने टीन और पंखे से एक सरल मॉडल बनाया, जिससे धूल एक थैले में इकट्ठा हो जाती है। उनका मॉडल जिला, मंडल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुआ और 2024 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान मेले में भी प्रदर्शित किया गया। जून 2025 में उन्हें शैक्षिक भ्रमण के लिए जापान भेजा गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**देवा, बाराबंकी :** शुक्रवार सुबह देवा फतेहपुर मार्ग पर ढिंढोरा गांव स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। एक कार ने मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी जिसमें दो लोग घायल हो गए, इसके बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार रामू 30 पुत्र रमेश निवासी बेउची मजरा कासिमगंज थाना देवा तथा चेतराम 28 पुत्र रामनाथ निवासी डोभा थाना जहांगीराबाद घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सिपाही राजेश सिंह एवं प्रेमचंद्र यादव ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी देवा भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने चेतराम की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

न्यूज ब्रीफ

### माघ पूर्णिमा पर मार्ग रहेगा परिवर्तित

हरदोई, अमृत विचार। माघ पूर्णिमा पर स्नानार्थियों को असुविधा न हो तथा यातायात सुचारू रूप से चलता रहे, इसके लिए यातायात पुलिस ने कानपुर व कन्नौज मार्ग पर वाहनों का रूट डायवर्जन किया है। माघ पूर्णिमा पर मेंहदीघाट, राजघाट, बेरियाघाट पर गंगा स्नान के लिए सैकड़ों लोग पहुंचेंगे। इसको दृष्टिगत रखते हुए कन्नौज से हरदोई आने वाले वाहनों को वाया बिल्हौर बिलग्राम-मल्लावां होते हुए आएंगे। इसी प्रकार हरदोई से कन्नौज जाने वाले बिल्हौर की तरफ से जाएंगे। तिरवां कुल्ली से माधौगंज मार्ग 31 जनवरी रात्रि 10 बजे से एक फरवरी रात्रि 10 बजे तक पूर्ण रूप से बंद रहेंगे।

### बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी में हुई कैद

हरदोई, अमृत विचार। मोबाइल की दुकान के सामने खड़ी बाइक दिनदहाड़े चोरी हो गई। चोरी की यह घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। अब फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। बघौली थाने के बक्सखेड़ा निवासी विजयपाल की हुसैनपुर में मोबाइल की दुकान है। गुरुवार की सुबह वह दुकान पर पहुंचा और वहीं पास में बाइक खड़ी कर दुकानदार में चला गया। शाम को दुकान बंद करने के बाद उसे बाइक नहीं मिली।

### आज चलेगा विशेष पुनरीक्षण अभियान

हरदोई, अमृत विचार। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के लिए विशेष अभियान की तिथि 31 जनवरी (शनिवार) निर्धारित की गई है।

# प्रधान की आए दिन मारपीट से सचिवों में दहशत

## कहा, किसी भी दिन ब्लॉक में हो सकती है बड़ी घटना, सचिव हर्षित सिंह का 24 घंटे में तबादला करने की मांग

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई,

अमृत विचार। शाहाबाद ब्लॉक मुख्यालय पर एक प्रधान द्वारा लगातार सचिव को पीटना और गाली-गलौज करना आम बात हो गई है। सचिवों को आशंका है कि किसी भी समय कोई भी बड़ी घटना घट सकती है, लेकिन प्रशासन पूरी तरह से मूकदर्शक बना हुआ है।


ब्लॉक मुख्यालय पर बैठक करते सचिव।

गुरुवार को फिरोजपुर खुर्द के प्रधान विवेक पांडे द्वारा सचिव हर्षित सिंह के साथ हाथापाई करने और जान माल की धमकी देकर गालियां देने से सचिवों के अंदर भय व्याप्त हो गया है। सचिवों ने शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पर बैठक करके बीडीओ को 24 घंटे के अंदर हर्षित सिंह का तबादला अन्यत्र करने के लिए अल्टीमेटम दिया है। ब्लॉक शाहाबाद की ग्राम पंचायत फिरोजपुर खुर्द के ग्राम प्रधान विवेक पाण्डेय ने दूसरी बार 29 जनवरी को सचिव हर्षित सिंह को गाली गलौज करते हुए हाथ पाई की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। विवेक पाण्डेय ने इससे पहले 11 नवंबर 2025 को ब्लॉक पर हर्षित सिंह से हाथापाई की थी जिसके विरोध में ब्लॉक शाहाबाद के सभी सचिवों ने विरोध दर्ज कराया। उसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। लेकिन प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी प्रधान के खिलाफ अभी तक कोई कार्यवाही न होना यह दर्शाता है कि प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है, जब कि प्रधान ने पहले से ही हर्षित सिंह को जान से मारने की धमकी दे रखी है। क्या घटना होने बाद ही प्रशासन की नींद टूटेगी? हर्षित सिंह लगातार मानसिक प्रताड़ित हो रहे हैं। सचिव हर्षित सिंह के अन्यत्र तबादले को लेकर सभी सचिवों ने एक बैठक की और यह निर्णय लिया कि 24 घंटे के अंदर अगर बीडीओ यहां से ट्रांसफर नहीं करवाते हैं तो सभी सचिव कार्य का बहिष्कार करेंगे।

### मुकदमा दर्ज होने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

सरकारी कार्य में बाधा डालने और सचिव से मारपीट करने का मुकदमा दर्ज होने के बाद शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने एक भी बार प्रधान विवेक पांडे को बुलाना मुनासिब नहीं समझा। जिससे प्रधान विवेक पांडे के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और वह आए दिन सचिव को शराब पीकर मारपीट और गाली गलौज कर रहा है। सचिवों का मानना है प्रधान के खिलाफ राजनैतिक दबाव के कारण कार्रवाई नहीं हो रही है। सचिवों का मानना है राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने की वजह से प्रधान खुलेआम घूम रहा है और दबंगई कर रहा है, अगर प्रधान पर पिछली एफ आई आर दर्ज होने के बाद कार्रवाई हो गई होती तो शायद उसके हौसले बुलंद नहीं होते और दोबारा यह घटना नहीं होती।

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम सरोना दुर्गागंज निवासी 28 वर्षीय राजेंद्र पुत्र देवेंद्र का शव 28 तारीख को मकसूदपुर के पास एक बबूल के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने इस मौत को आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या का आरोप लगाया। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव लाया गया तो परिजनों ने विभिन्न मांगों को लेकर अंतिम संस्कार रोक दिया, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना पर बीएसपी के कई कार्यकर्ता और भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष करन वर्मा पासी समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों ने प्रशासन को अपनी मांगों का लिखित ज्ञापन सौंपा। मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद एसडीएम एन राम और सीओ रवि प्रकाश सिंह बिलग्राम ने परिजनों से बातचीत की। अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। एहतियातन पुलिस फोर्स अंतिम संस्कार तक तैनात रही। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# गले में गुब्बारा फंसने से बच्चे की मौत, परिजनों में कोहराम

संवाददाता, हरदोई, पाली

अमृत विचार। थाने में तैनात पैरोकार के सरकारी आवास में उसकी भांजी आठ महीने के उसके दुधमुंहे बच्चे को गुब्बारे से बहला रही थी, गुब्बारा फट गया और उसी का टुकड़ा उस दुधमुंहे ने मुंह में डाला जो कि हलक में फंस गया, उसके फंसने से दुधमुंहा सांस नहीं ले सका, जिससे उसकी मौत हो गई।

बताया गया है कि बदायूं ज़िले के जसरथ पुर थाना बिसौली निवासी टीटू पुलिस पैरोकार है और पाली थाने में तैनात है। टीटू ने वहीं थाने का सरकारी आवास ले रखा है, जिसमें उसकी पत्नी ममता और आठ महीने के दुधमुंहे बच्चे दिव्यांश के साथ रहता है, साथ में उसकी 13 साल भांजी भी रहती है। शुक्रवार की सुबह टीटू अपनी ड्यूटी पर चला गया, घर में पत्नी ममता काम कर रही थी और उसकी भांजी गुब्बारे से दुधमुंहे दिव्यांश को बहला रही थी, उसी बीच गुब्बारा फट गया, किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया, दिव्यांश ने गुब्बारे का टुकड़ा उठा कर मुंह में डाल लिया, जो हलक में फंस गया, जिससे वह सांस नहीं ले सका, इसका पता होते ही ममता ने पहले पति को सूचना दी और उस दुधमुंहे को उठा कर पीएचसी पाली पहुंच गई, लेकिन उससे पहले ही उसके बच्चे की मौत हो गई।

### अतिक्रमणकारी ने जान से मारने की दी धमकी

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। सड़क पर मौरंग और गिट्टी डालकर अतिक्रमण करने वाले दबंग ने शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक को गाली गलौज कर जान माल की धमकी दी। पीड़ित शिक्षक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला पठकाना निवासी राजीव नयन दीक्षित भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक हैं और एक संस्थान में प्रधानाचार्य हैं। शुक्रवार को वह कॉलेज से वापस अपने घर जा रहे थे तो दिलेर गंज पठकाना मोहल्ले की सीमा पर लखनऊ निवासी मयंक त्रिपाठी ने निर्माण सामग्री मौरंग और गिट्टी डालकर पूरी रास्ता बंद कर दी। राजीव ने जब नाराजगी प्रकट की तो मयंक ने अभद्रता की।

# 7 फरवरी को होगा बार एसोसिएशन का चुनाव

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। बार एसोसिएशन के 2026 के चुनाव को लेकर इस समय तहसील में गहमा गहमी का माहौल है। शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किये। शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच और नामांकन वापसी का दिन रहेगा। सात फरवरी को मतदान और परिणाम की घोषणा की जाएगी।

बार एसोसिएशन शाहाबाद के वार्षिक चुनाव वर्ष 2026 हेतु नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण हुई, जिसमें एल्डर कमेटी के अध्यक्ष आनंद वीर श्रीवास्तव व सदस्य गण ज्ञानप्रकाश पाल, अनिरुद्ध कुमार मिश्रा, राकेश कुमार, सैय्यद रईसअली की कमेटी द्वारा नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। कई पदों हेतु आज 30 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई जिसमें अध्यक्ष पद पर विमलेश सिंह लोधी एवं उमेश कुमार एडवोकेट व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संत कुमार सिंह व खुर्शीद अली, गिरंद प्रकाश मिश्रा, महामंत्री पद पर अनिल कुमार शुक्ला व बलराम दीक्षित, कोषाध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार वर्मा व हसनैन वारसी व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर हरिनाम सिंह यादव, संयुक्त मंत्री पद पर दुर्गेश कुमार अवस्थी व आशीष पांडे, वरिष्ठ सदस्य पर श्रीकृष्ण शर्मा व कृष्ण कुमार पांडे, घनश्याम द्विवेदी नीरज दीक्षित, चंद्रपाल सिंह, विमल कुमार पांडे, कनिष्ठ सदस्य पद पर धीरेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, मणींद्र कुमार रंजन, नीरज कुमार शुक्ला, शेरसिंह, सुधीश कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए जिसमें अध्यक्ष पद पर विमलेश सिंह लोधी, उमेश कुमार के बीच काटे की टक्कर होने की प्रबल संभावना है। महामंत्री पद पर अनिल कुमार शुक्ला व बलराम दीक्षित के बीच सीधा मुकाबला है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु संत कुमार सिंह, गिरेंद्र प्रकाश मिश्रा और खुर्शीद आलम के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। कोषाध्यक्ष पद पर हसनैन वारसी व प्रमोद कुमार वर्मा के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना है शेष सभी पदाधिकारी व सदस्य निर्विरोध निर्वाचित होना तय हैं।


नामांकन पत्र दाखिल करते अधिवक्ता। अमृत विचार

# व्यापारी की आत्महत्या मामले में तीन पर केस

संवाददाता, कछौना, हरदोई

अमृत विचार। थाना इलाके में उधारी के रुपए दिए हुए वापस करने के बावजूद ब्याज के रूप में अतिरिक्त पैसों की मांग करने से प्रताड़ित होकर एक गल्ला व्यापारी ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों के विरुद्ध मृतक के पुत्र की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक के शव का आज तीसरे दिन देर शाम अंतिम संस्कार पुलिस की मौजूदगी के बीच किया जा सका है। गल्ला व्यापारी के द्वारा प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने का हैरान कर देने का मामला कछौना कोतवाली थाना क्षेत्र के दीननगर गांव का है। यहां 58 साल के रामसेवक ने मकान बन्द करके घर के आंगन मे पड़े जाल में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी है।


रोते बिलखते मृतक गल्ला व्यवसायी के परिजन। अमृत विचार

- ब्याज के पैसे वसूलने के लिए घर आकर धमकी देने का आरोप

मृतक के पुत्र शैलेश कुमार का कहना है कि इसी गांव के मजरा रायपुर निवासी सुभाष और सतीश व सर्वेश बुधवार को उसके घर पर आए थे और बंद कमरे में उसके पिता को धमकाया था। सुभाष, सर्वेश, सतीश से मृतक रामसेवक ने चार लाख रुपये लिए थे जो पैसे अदा कर दिया था फिर भी यह लोग अतिरिक्त पैसे मांगते थे और आए दिन धमकाते और प्रताड़ित करते थे। इसके चलते बुधवार देर शाम को तीनों लोगों ने आकर बंद कमरे में धमकाया, जिससे प्रताडित होकर रामसेवक ने देर रात घर के अंदर जाल में रस्सी के सहारे फांसी के फंदे लटक कर आत्म हत्या कर ली।

क्षेत्राधिकारी बघौली प्रवीण कुमार यादव ने बताया है कि मृतक के पुत्र की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है मामले में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। मृतक के शव का शुक्रवार को तीसरे दिन देर शाम अंतिम संस्कार पुलिस की मौजूदगी के बीच किया जा सका है।

### कुकर फटने से सास और दो बहुएं झुलसीं

हरदोई, अमृत विचार। रसोई में खाना बनाते समय प्रेशर कुकर फट गया, जिससे खाना बना रहीं दोनों बहुएं और उनकी सास झुलस गई। जिन्हें सीएचसी सुरसा से मेडिकल कालेज रेफर किया गया। शुक्रवार की सुबह सुरसा थाने के जलपा खेड़ा मजरा मोना निवासी रामस्वरुप की बहुएं रसोई में खाना बना रहीं थी। वहीं पर उनकी पत्नी कमला (65) भी थी। उसी बीच तेज़ आवाज़ के साथ चूल्हे पर चढ़ा कुकर फट गया, जिससे कमला के अलावा उसकी बड़ी बहू मोनिका (32) पत्नी पंकज और 30 वर्षीय छोटी बहू शीला पत्नी विनोद झुलस गई। तीनों को सीएचसी सुरसा पहुंचाया गया, जहां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया है।

# इलाज से ठीक हो सकता है कुष्ठ रोग

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिहानी में शुक्रवार को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने उपस्थित सभी स्वास्थ्यकर्मियों को कुष्ठ उन्मूलन की शपथ दिलाई।

बताया कि यह अभियान शुक्रवार से प्रारंभ होकर 13 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को प्रतिवर्ष कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज में कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अधीक्षक ने कहा कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से इलाज योग्य है तथा समय रहते पहचान और उपचार से इससे होने वाली दिव्यांगता को रोका जा सकता है। उन्होंने समाज में कुष्ठ रोग को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने पर जोर देते हुए आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं।कार्यक्रम में डॉ. जुबैर अहमद, डॉ. विकास बाजपेयी, डॉ. मोहित मित्तल, प्रेम चन्द्र (एनएमएस), अजय कुमार रावत (बीसीपीएम), शिल्पी वर्मा (काउंसलर), हर्षित शुक्ल (बीएचडब्ल्यू) सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।


जागरूक करते स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी। अमृत विचार

- पिहानी सीएचसी में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ



बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

### यातायात नियमों का पालन करने की ली शपथ

हरदोई, अमृत विचार। सड़क सुरक्षा अभियान की शुरुआत में बच्चों ने यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करने की शपथ ली। साथ ही इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। अहिरोरी ब्लाक के संविलियन विद्यालय बघौली में एआरटीओ अरविंद कुमार ने सरकार की राहगीर योजना के बारे में जानकारी दी। बीईओ अहिरोरी अनुज कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी जागरूक करें। बाइक या कार चलाते समय मोबाइल पर बात न करने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाने को प्रेरित किया गया। यातायात इंस्पेक्टर प्रमोद यादव ने यातायात से जुड़ी ज़रूरी बातें साझा की, संचालन अशोक कुमार ने किया। इस दौरान लोधी के प्रधान अजय प्रताप सिंह, डालचन्द्र, रेनू व सत्येंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

### ट्रांसफार्मर की चपेट में आई वृद्धा झुलसी

हरदोई, अमृत विचार। खेतों की तरफ जा रही वृद्धा रास्ते में रखे ट्रांसफार्मर की चपेट में आ गई, करंट लगने से उसका चेहरा और हाथ बुरी तरह से झुलस गए। उसे सीएचसी टोंडरपुर से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। मझिला थाने के आंझी गांव की 70 वर्षीय माया देवी पत्नी विश्राम शुक्रवार की भोर पहर शौच के लिए अपने खेतों की तरफ जा रही थी। कोहरा होने के चलते उसे रास्ते में खुला रखा ट्रांसफार्मर दिखाई नहीं दिया और वह उसकी चपेट में आ गई। जिससे उसका चेहरा और हाथ झुलस गए। वृद्धा को वहां से सीएचसी टोंडरपुर पहुंचाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।


छात्रा को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि शैलेन्द्र कुमार शुक्ल। अमृत विचार

### धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। संडीला ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामू में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि राजकीय पॉलीटेक्निक संडीला के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर शुभांरभ किया। वार्षिकोत्सव में छात्र एवं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। मुख्य अतिथि श्री शुक्ल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किए। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दिवाकर त्रिपाठी, सहायक अध्यापक डॉ अनिल कुमार यादव, अनिल कुमार, अर्जुन प्रसाद यादव आदि मौजूद रहे।

# बकाया विद्युत बिल न भर पाने पर वृद्ध महिला को दी धमकी

संवाददाता, पाली, अनंगपुर

अमृत विचार। आर्थिक तंगी से जूझ रहे उपभोक्ताओं के साथ विद्युत विभाग की सख्ती का एक मामला सामने आया है, जिसने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर दिया है। अनंगपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। जिसमें विद्युत उपकेंद्र अनंगपुर के कर्मचारी क्षेत्र के गुलरिया नगला गांव में बुजुर्ग महिला उपभोक्ता पर बिजली बिल जमा न कर पाने की स्थिति में मीटर उखाड़ने और मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में बुजुर्ग महिला भयभीत नजर आ रही है, वह बार-बार अपने परिजन से यह कहते हुए सुनाई देती है कि रुपये की व्यवस्था हुई या नहीं। दूसरी ओर से जब परिजन द्वारा व्यवस्था न हो पाने की बात कही जाती है तो महिला विनम्रता से कहती है कि वह अगले दिन बिल जमा कर देगी। इसके बावजूद विद्युत कर्मचारियों द्वारा धमकाया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार इससे पहले बिल बकाया होने की स्थिति में मीटर उखाड़ने जैसी कार्रवाई कभी नहीं की जाती थी, लेकिन अब इस तरह की सख्ती से आम उपभोक्ताओं में भय का माहौल बनता जा रहा है।

कार्यक्रम — श्री खाटू श्याम मंदिर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर भव्य संकीर्तन का आयोजन

# करुणामयी कृपा कीजिये श्री राधे...

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। श्री खाटू श्याम मंदिर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव/पाटोत्सव के अवसर पर भव्य श्री खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन शहर के आरआर इंटर कालेज के मैदान पर किया गया, जिसमें वृदावन के प्रमुख रसिक संत श्री चित्र विचित्र जी महाराज, राजस्थान से नेहा शर्मा व कानपुर से संदीप मस्ताना अपनी समधुर प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर बाबा श्याम का गुणगान किया। वृदावन के प्रमुख रसिक संत श्री चित्र विचित्र जी महाराज ने करुणामयी कृपा कीजिये श्री राधे, अकेली गई थी ब्रज में वहां मोर पंख वाला मिल गया, मेरी विनती यही है राधा रानी कृपा बनाये रखना, काली कमली वाला मेरा यार है मेरे मन के मोहन का वो दिलदार है, तू राधे राधे बोल जरा, हम हाथ उठा कर कहते है हम हो गए राधा रानी के, साँवरे को दिल में बसा कर तो देखो कभी वृंदावन आकर तो देखो, हमे राधे रानी तेरे नाम का सहारा आदि भजन सुना लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंच पर पहुंचने पर श्याम ज्योति सेवा संस्था के अध्यक्ष अचल अग्रवाल, समर्थ शाह, राजेंद्र भाई पटेल, अमित अग्रवाल, सौरव गुप्ता, मुकेश मित्तल, अंकुर जिंदल, सुनील अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रानू गुप्ता, रजनीश अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, अमन सिंह, गौरव अग्रवाल आदि ने संत श्री चित्र विचित्र जी महाराज को माला व पटका पहनाकर स्वागत किया।


श्री खाटू श्याम का दरबार में झूमते भक्त।

### जन सुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनी 77 लोगों की शिकायतें

हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जन सुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये व पात्रो को योजनाओं का लाभ दिया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि.रा. प्रियंका सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारा

हरियावां, हरदोई, अमृत विचार। ब्लॉक व कस्बा हरियावां के मां बाराही माता मंदिर पर चल रही नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के विराम दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कन्याभोज, संतभोज के बाद हज़ारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। 21 जनवरी से शुरू हुए श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का विराम 29 जनवरी को संपन्न हुआ। पूर्णाहुति यज्ञ यजमान सुनील शुक्ल एवं धर्मपत्नी सीमा ने आचार्यों के द्वारा वैदिकमंत्रों के संपन्न हुई। कथा व्यास पंडित सूर्यप्रकाश पाठक के द्वारा रात्रि कालीन की बेला में परीक्षित सत्य प्रकाश शुक्ल एवं रामदेवी व सभी भक्तों को सुदामा चरित्र की कथा का रसास्वादन कराकर विराम दिया।

# खेत सींच रही जल जीवन मिशन की टंकियां

## योजना का बड़े पैमाने पर हो रहा दुरुपयोग, जल जीवन मिशन के पंप हाउस और टोटियों के सहारे सींची जा रही फसलें

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** केंद्र सरकारी की जल जीवन मिशन योजना पर गृहण लगाने वाले कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे। गांव में बनी टंकियां और उससे जुड़ी पाइप लाइन का उपयोग पीने के बजाय खेतों में फसलों की सिचाई के लिए लाया जा रहा है। हालांकि, इस समस्या को लेकर जागरूक लोगों ने आवाज उठायी, लेकिन उसे दबा सा दिया गया।



विकास खण्ड क्षेत्र खैराबाद का है मामला



पंप हाउस से जुड़ी खेतों की सिंचाई के लिए लगा पाइप। अमृत विचार

बड़ा मामला विकास खण्ड खैराबाद क्षेत्र की बड़ी ग्राम पंचायत कोड़री का है। घनी आबादी वाले गांव के इर्द गिर्द गेहूं-गन्ना की फसल और सब्जियों की खेती है। पिछले कई माह से खेतों की सिंचाई जल जीवन मिशन शक्ति से जुड़ी पानी की टंकियां कर रही हैं। आलम ये है कि कई स्थानों पर अण्डर ग्राउण्ड पाइपों का रुख भी मुड़ चुका है। ऐसे में घर तक पानी न पहुंचने के कारण कई परिवार इस योजना से वंचित हो चले हैं। ग्रामीणों ने इस मामले में शिकायत किये जाने की बात दोहराई है।

### किसान बोले - दोहरे दोहन से जल स्तर पर पड़ेगा असर

नजदीक गांव के दीपू, रामू, कुन्हा, कलिका, आदर्श, रामखेलावन आदि का दावा है कि उनके गांव के कई घरों में पेय जल टोटियों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कारण को लेकर ग्रामीण बताते हैं कि दोहरे जल दोहन के कारण घर-घर तक जल जीवन मिशन योजना के तहत मिलने वाली सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। पानी के दोहरे दोहन से जलस्तर पर भी असर पड़ा है।

### सिंचाई को लेकर लिया जा रहा पैसा

जल जीवन मिशन योजना के तहत स्थापित पंप हाउस से दी जाने वाली सप्लाई पर शुल्क की व्यवस्था भी निर्धारित है, ऐसी ग्रामीणों का दावा है। नाम न छापने की शर्त पर किसानों ने बताया कि प्रति बीघा दो सौ रुपया सिंचाई का एक जिम्मेदार द्वारा लिया जाता है।

### वायरल हुआ वीडियो तो खुली पोल

जल जीवन मिशन की टंकियों से खेतों में की जा रही पानी की सप्लाई का वीडियो वायरल होने पर विभागीय हड़कंप मच गया। वीडियो में निर्माणाधीन पंप हाउस के मोटर से लेकर खेतों में सिंचाई की पाइप गई है। जिससे खेतों की सिंचाई की जा रही है।

> वायरल वीडियो के सहारे मामला संज्ञान में आया है, विभागीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। जल जीवन मिशन योजना को प्राथमिकता के तौर पर घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। इस मामले में ढिलाई करने और घालमेल करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। - **अरविंद कुमार त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता जल निगम**

### कब्जे की शिकायत, लगे गंभीर आरोप

**लहरपुर। अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के बेनीसराय में बंजर भूमि से अवैध कब्जा हटावाए जाने को लेकर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की गई। क्षेत्र के ग्राम बेनी संराय निवासी प्रमोद अवस्थी, जगतपाल, विष्णु, प्रभु दयाल, कमल किशोर अरुण कुमार ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है कि बंजर भूमि सरकारी अभिलेखों में दर्ज है, उस पर गांव के एक व्यक्ति के द्वारा काफी समय से निर्माण करा कर कब्जा कर लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### नैनो उर्वरकों से घटेगी खेती की लागत

**खैराबाद, सीतापुर।** खैराबाद के कृषि भवन सभागार में शुक्रवार को कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए नैनो उर्वरकों के उपयोग एवं महत्व पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप निदेशक कृषि एसके सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार रहे। इफको के क्षेत्राधिकारी सचिन प्रताप सिंह ने नुकसान के बारे में बताया। इफको के उप महाप्रबंधक एससी मिश्रा ने कहा कि नैनो डीएपी व नैनो यूरिया से लागत घटने के साथ उत्पादन व गुणवत्ता में सुधार होता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. सचिन प्रताप तोमर ने बताया कि नैनो उर्वरकों से दानेदार उर्वरक 30 से 50 प्रतिशत तक कम किए जा सकते हैं।

### कारागार में उत्पादों के बिक्री केंद्र का उद्घाटन

**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी भगीरथ वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव प्रकाश, जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने जेल का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों द्वारा बनाई गई अगरबत्ती, बर्तन और अन्य उत्पादों के बिक्री केंद्र का उद्घाटन जिला जज कुलदीप सक्सेना, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त हैं और जेल में जातिगत दुर्व्यवहार या भेदभाव किसी के साथ नहीं होना चाहिए।

### चोरी का प्रयास, शातिरों ने बाइक जलाई

**तालगांव / लहरपुर।** लहरपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम बहादुरापुर मजरा कल्याणपुर कोतवाली तालगांव में चोरों ने पांच घरों में घुसने का प्रयास किया। तालगांव क्षेत्र के ग्राम बहादुरापुर में अज्ञात चोरों ने गांव के सतीश कुमार, राम चंद्र, राजेश कुमार, मनोज कुमार व आत्माराम के घरों में घुसने का प्रयास किया। बताते हैं कि चोरों ने जाते-जाते अपने खेतों की रखवाली कर रहे किसान प्रदीप वर्मा की बाइक में आग लगा दी। जिससे बाइक जलकर नष्ट हो गई, ग्रामीणों के जग जाने पर ग्रामीणों ने बाइक पर पानी डालकर आग को बुझाया और घटना की जानकारी 112 पुलिस को दी।

### बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता अभियान

**लहरपुर।** बाल-विवाह मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के दूसरे दिन भी पेस संस्था के द्वारा -जगह जगह लोगों को जागरूक किया गया और बाल विवाह न करने का संकल्प दिलाया गया। जागरूकता रथ ने क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर, तहसील, मजा साह चौराहा, गुरु खेत बजार, लहरपुर गेट पर जमा लोगों को बाल विवाह न करने व इसके दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर पेस संस्थान के जिला समन्वयक सर्वेश शुक्ला, रहमत अंसारी, उर्मिला, आराधना, अमरीश, सुधा आदि उपस्थित थे।

### मंगता परिवार के बच्चों का स्कूल में लिखा नाम तो खिले चेहरे

**लहरपुर।** शिक्षा के अधिकार को धरातल पर उतारते हुए जिलाधिकारी राजा गणपति आर के निर्देश पर शुक्रवार को एक सराहनीय पहल की गई। नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला में झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे मंगता परिवार के चौंसठ बच्चों का चिन्हांकन कर उनका नामांकन निकटतम प्राथमिक विद्यालय में कराया गया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति ने स्वयं मंगता बस्ती का भ्रमण कर अभिभावकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक विकास कुमार, शिक्षक अनवर अली (संचालक), सुरेश कुमार, प्रदीप कुमार सहित विभाग के अन्य कर्मचारी और अभिभावक उपस्थित रहे।

### सड़कों पर जलभराव से ग्रामीण बेहाल, प्रशासन मौन

**बिसवां।** विकास खंड सकरन के ग्राम लखुवा बेहड़ में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हल्की बारिश के बाद गांव की मुख्य सड़क पर पानी भर गया। ग्रामीण प्रमोद, राम लोटन सहित अन्य ने बताया कि गांव में जलभराव की समस्या पुरानी है। बारिश के बाद सड़कों पर कई दिनों तक पानी भरा रहता है। विनय कुमार और राजकुमार का कहना है कि जलभराव के कारण दैनिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।



सड़क पर धू-धू कर जलती गाड़ी। अमृत विचार

## बीच सड़क धू-धू कर जली मैजिक

**महमूदाबाद। अमृत विचार** : नगर के रामपुर मथुरा रोड स्थित बीएसएनएल ऑफिस के पास सड़क किनारे खड़ी एक मैजिक वैन में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। शॉर्ट सर्किट बना कारण जानकारी के अनुसार, मैजिक लखनऊ से सवारियां छोड़कर लौटने के बाद सड़क किनारे खड़ी थी। अचानक गाड़ी के इंजन से धुआं उठने लगा और चंद मिनटों में पूरी गाड़ी आग का गोला बन गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई डीसीएम चालक की मौत

**कमलापुर।** नेशनल हाईवे पर जलालपुर कस्बे के पास एक भीषण सड़क हादसे में डीसीएम चालक की मौके पर ही मौत हो गई। लखनऊ से सीतापुर की ओर जा रही तेज रफ्तार डीसीएम ने आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में डीसीएम चालक विश्वनाथ (35) निवासी माखनपुरवा कानपुर देहात की जान चली गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इतुल चौधरी पुलिस बल और डायल 112 टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कम राशन मिलने की शिकायत पर सहायिका से मांगा स्पष्टीकरण

- मछरेहटा ब्लॉक के सडिला ग्राम चौपाल में सीडीओ ने सुनाया फरमान

मछरेहटा, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जन-जन तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने, उनके प्रभावी क्रियान्वयन और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इन चौपालों में संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है, ताकि ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही समाधान मिल सके। ये बातें मछरेहटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सडिला में आयोजित ग्राम चौपाल के दौरान सीडीओ प्रणता ऐश्वर्य ने कहीं।




ग्राम सढ़िला में शिकायतों का निस्तारण करतीं सीडीओ। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के सामूहिक एवं सार्थक प्रयास से ही गांवों का समग्र विकास संभव है। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने पंचायत सहायक कालिंद्री से आयुष्मान कार्ड की प्रगति की जानकारी लेते हुए पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की शिकायत पर जल जीवन मिशन के तहत खोदे गए मार्गों को शीघ्र दुरुस्त कराने को कहा गया। महिला मुन्नी देवी की नल के आसपास जलभराव की शिकायत पर एडीओ को समाधान के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्र पर कम राशन मिलने की शिकायत पर सहायिका से स्पष्टीकरण मांगा गया। वहीं विवेक तिवारी ने चकमार्ग पर अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर सीडीओ ने शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। पेंशन से जुड़ी शिकायतों को भी नोट किया गया। डीडीओ संतोष नारायण गुप्ता ने मनरेगा के नए नाम और प्रावधानों की जानकारी दी। सीडीओ ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही या गड़बड़ी पाए जाने पर ग्रामीण सीधे उन्हें अवगत कराएं। इस मौके पर बीडीओ राजेश तिवारी, एडीओ पंचायत, एडीओ कृषि संजीव कुमार, एडीओ समाज कल्याण अमिताभ वर्मा, सचिव सोमपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उधर, ग्राम पंचायत हरपालपुर में भी ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ।

# यातायात सुधार : नगर क्षेत्रों में ई-रिक्शा के रूट तय

सीतापुर कार्यालय

**अमृत विचार:** जनपद के विभिन्न कस्बों में बढ़ती जाम की समस्या से निजात दिलाने और यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। महमूदाबाद, लहरपुर और खैराबाद में ई-रिक्शा व ऑटो संचालन के लिए नए नियम और रूट निर्धारित किए गए हैं।

महमूदाबाद में विधायक आशा मौर्या और एसडीएम बीके सिंह की मौजूदगी में नई व्यवस्था लागू की गई। अब शहर में चलने वाले ऑटो पर ग्रीन स्टीकर लगाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्टीकर के आधार पर ही ऑटो निर्धारित रूट पर चल सकेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान और वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। लहरपुर में एसडीएम आकांक्षा गौतम और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने ई-रिक्शों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां ई-रिक्शों को अलग-अलग रंगों के कोड में वर्गीकृत किया गया है। अधिशासी अधिकारी अनूप राय ने बताया कि अब तक 240 ई-रिक्शों का पंजीकरण हो चुका है। खैराबाद, तंबौर, बिसवां और लखीमपुर जैसे मार्गों के लिए अलग-अलग रंग तय किए गए हैं ताकि विवाद की स्थिति न बने।



ई रिक्शा रूट निर्धारण के बाद हरी झंडी दिखातीं विधायक आशा मौर्या। अमृत विचार

उधर, खैराबाद नगर पालिका परिषद में भी ई-रिक्शा संचालन प्रणाली का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता 'बबलू' और अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने बताया कि नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए पांच रूट निर्धारित किए गए हैं। अब तक कुल 328 ई-रिक्शा का पंजीकरण किया जा चुका है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और सुलभ आवागमन सुनिश्चित होगा।

## दावे-आपत्तियों के लिए मतदाता विशेष अभियान आज

**सीतापुर। अमृत विचार :** जिले में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शनिवार को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। इस दिन सभी बीएलओ मतदान स्थलों पर मौजूद रहेंगे और मतदाताओं से दावे व आपत्तियां ली जाएंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा दावे और आपत्तियों की अवधि में शनिवार को विशेष अभियान दिवस घोषित किया गया है। इस दिन सभी बीएलओ अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पूर्वाह्न 10.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के अनुसार दावे और आपत्तियां 6 जनवरी से 6 फरवरी तक प्राप्त की जाएंगी। जिन अर्ह निर्वाचकों का नाम प्रकाशित नामावली में नहीं है, वे फार्म-6 भरकर नाम जुड़वा सकते हैं। संशोधन, फोटो पहचान पत्र प्रतिस्थापन, दिव्यांग चिन्हांकन या निवास परिवर्तन के लिए फार्म-8 तथा अपमार्जन के लिए फार्म-7 जमा किया जा सकता है।



श्री राम कथा के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

## श्री राम विवाह की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला अंबर संराय स्थित श्री हनुमान मंदिर में आयोजित षष्टम श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा के दौरान भक्ति की बयार बह रही है। कथा व्यास पंडित गिरजेश शुक्ला (नैमिष धाम) ने प्रभु श्री राम विवाह के पावन प्रसंग का वर्णन किया, जिसे सुनकर पाण्डाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा व्यास ने कहा कि श्री राम कथा का श्रवण सौभाग्यशाली लोगों को ही प्राप्त होता है। रात्रि बेला में वृंदावन धाम से आए श्री राधा माधव लीला दर्शन मंडल के कलाकारों ने 'भक्त हरदौल' की कथा का सजीव मंचन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजक रामसुंदर पांडे, निर्मल पांडे, आकाश पांडे, धीरेश त्रिवेदी, राजू तिवारी, प्रमोद टंडन सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान जुटी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

### मारुत नन्दन रुद्र महायज्ञ का विशाल भंडारे के साथ समापन

**कमलापुर। अमृत विचार** : विकास खण्ड कसमण्डा के सुप्रसिद्ध प्राचीन मारुत नन्दन आश्रम, नेवादा बल्दीपुरवा में आयोजित 41वें श्री मारुत नन्दन रुद्र महायज्ञ का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन हवन-पूजन, कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि परम पूज्य संत त्यागी जी महाराज के सानिध्य में भक्तों ने दर्शन लाभ प्राप्त किया। यज्ञाचार्य शिवम मिश्रा ने यजमान पूणेन्द्र सिंह चौहान से विधि-विधान पूर्वक यज्ञ की पूर्णाहुति कराई। इस दौरान कथा वाचक किरन मोहिनी ने भगवान श्री कृष्ण की कथा का रसपान कराया। इस धार्मिक उत्सव में बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, रविप्रकाश और अशोक, ग्राम प्रधान बिंद्रा प्रसाद सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की।

# दो स्थानों पर चोरी का प्रयास एक स्थान पर चुराई मिठाइयां

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर।

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के काजीकमालपुर चौकी इलाके में देर रात चोरों ने एक के बाद एक तीन स्थानों को निशाना बनाया। दो जगह असफल रहने के बाद शातिर एक होटल से करीब 15 किलो मिठाई चोरी कर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र में गुरुवार देर रात अज्ञात चोरों ने पहले काजीकमालपुर चौराहे पर स्थित देशी शराब के ठेके की दीवार में नकब लगाने का प्रयास किया। इसी दौरान दुकान के अंदर सो रहे शराब विक्रेता की नींद खुल गई। टॉर्च जलते ही चोर मौके से भाग निकले। यहां मंसूबों पर पानी फिरता देख शातिरों ने चौराहे पर अग्निहोत्री मार्केट के पीछे बाग की बाउंड्री कूदकर पिछले दरवाजे से दाखिल होने का



दीवार पर लगी नकब।

दुस्साहस किया। मगर, बरामदे में सो रहे नौकर के जागने और शोर मचाने पर चोर दोबारा फरार हो गए। मौके पर बाग में चोरों के पैरों के निशान मिले। दो बार नाकामी के बाद चोरों ने ईंट भट्ठे के नजदीक शीतल जलपान गृह को निशाना बनाया और होटल में रखी करीब 15 किलो मिठाई किश्ती सहित उठा ले गए। सुबह खेत में खाली किश्तियां मिलने पर घटना की पुष्टि हुई। थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया ने बताया कि चौकी पुलिस को भेजकर जांच कराई जा रही है।



कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते स्वास्थ्यकर्मी।

### स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**रामगढ़। अमृत विचार** : गोंदलामऊ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्टाफ ने सीएचसी क्षेत्र को कुष्ठ रोग से मुक्त कराने का संकल्प लिया। चिकित्सकों ने कहा कि कुष्ठ रोग की पहचान सरल है, इसलिए समय रहते रोगियों की खोज कर उन्हें उपचार से जोड़ा जाएगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ. धीरज मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के संदेश के वाचन के साथ अभियान का शुभारंभ किया गया है, जो 13 फरवरी तक चलेगा। इस मौके पर डॉ. पंकज, डॉ. रितेश सिंह, डॉ. शारिक सहित स्टाफ मौजूद रहा।

### जागरूकता पखवाड़े का आगाज

**लहरपुर। अमृत विचार** : स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा' का शुभारंभ किया गया। अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेयी ने जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर सुनाया और उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को जनपद को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने की शपथ दिलाई। अधीक्षक ने बताया कि तीस जनवरी से तेरह फरवरी तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है। इस मौके पर एसके चौधरी, एजुकेटर भूपेंद्र सिंह, फार्मासिस्ट डीसी गुप्ता, जयदीप मौर्य, अभिषेक अवस्थी और धर्मेंद्र मौर्य सहित समस्त स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर डीएम सख्त

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को विशेष जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी बैंकों और विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने खराब प्रगति वाली बैंकों को सुधार के लिए कहा और कहा कि अस्वीकृत आवेदनों की पुनः समीक्षा की जाए। सीएम युवा उद्यमी योजना, पीएम स्वनिधि योजना और एनआरएलएम सहित अन्य योजनाओं में लक्ष्य के अनुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीसीएनआरएलएम चन्दन देव पाण्डेय, लीड बैंक मैनेजर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### छात्रों को समाचार पत्र पढ़ने के लिए करें प्रेरित: डीएम

**सीतापुर। अमृत विचार** : जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, शैक्षणिक लक्ष्यों की समय से प्राप्ति और निर्माणाधीन कार्यों की समय पर पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विलम्ब से चल रही योजनाओं में नियमानुसार कटौती प्रस्तावित की जाए। सभी विद्यालयों में बालिका शौचालय की जांच कर 5 कार्यदिवस में फोटोयुक्त आख्या प्रस्तुत की जाए। डीबीटी के माध्यम से देय राशि समय पर अंतरित की जाए। छात्रों को समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाए और वाटर बेल का पालन सुनिश्चित किया जाए।

### कानून-व्यवस्था और अभियोजन की डीएम ने की समीक्षा

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को अभियोजन, शांति व कानून-व्यवस्था संबंधी समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने महिला अपराधों, एससी-एसटी एक्ट के मामलों में त्वरित कार्यवाही, टॉप-10 अपराधियों की चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई, अपीलों का समय पर दाखिल, दोषियों को सख्त सजा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भूमि विवादों का नियमानुसार निस्तारण, ई-रिक्शा के क्यूआर कोड संचालन, सड़क सुरक्षा, रोड एक्सीडेंट में समय से डेथ ऑडिट और नो हेलमेट-नो पेट्रोल नियम का प्रभावी पालन भी सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, न्यायिक खालिद अंजुम और अपर पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।



कस्बे में टूटा नाला। अमृत विचार

### खुला नाला हादसे को दे रहा दावत

**मिश्रिख। अमृत विचार** : नगर पालिका के सीताकुंड वार्ड संख्या चार में जिम्मेदार अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। वार्ड के मुख्य मोड़ पर स्थित एक गहरा नाला पिछले काफी समय से खुला पड़ा है, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए काल का ग्रास बन सकता है। दिन-रात वाहनों का आवागमन रहता है, जिससे हर पल हादसे का डर बना रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के अंधेरे में कई दुपहिया वाहन चालक यहां गिरकर चोटिल हो चुके हैं। नाले के पास कूड़े का अंबार और बिखरी निर्माण सामग्री ने सड़क की चौड़ाई कम कर दी है, जिससे भारी वाहनों को मुड़ने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है।

## विवाहिता का लटका मिला शव

**सदरपुर, सीतापुर।** मरखापुर गांव में विवाहिता ने संदिग्ध परिस्तिथियों में घर के अंदर फंदे के फांसी लगा ली। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज करते हुए तहकीकात शुरू की है।

सदरपुर थाना क्षेत्र के मोहलीपुरवा लालपुर गांव निवासनी नेहा वर्मा (25) पुत्री सोनेलाल का विवाह करीब दो वर्ष पूर्व मरखापुर निवासी अनिरुद्ध वर्मा से हुआ था। मृतका के भाई शिवम वर्मा ने बताया कि शुरुआत में तो सब ठीक-ठाक रहा। आरोप है कि उसके बाद बहन से दहेज में 10 लाख रुपये की मांग की जा रही थी और इसके लिए पति, सास, जेठ व जेठानी आए दिन मारपीट कर उसे अमानवीय यातनाएं देने लगे। दहेज न मिलने पर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव व सदरपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पति, सास, जेठ व जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीओ वेद प्रकाश ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

### 150 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगाने की घोषणा का स्वागत

**लालगंज :** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने लालगंज विकासखंड के आलमपुर पंचायत भवन के सौंदर्यीकरण की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने पंचायत भवन में स्थापित शहीद स्मारक के पास 150 फीट ऊंचा पोल स्थापित कर राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाने की भी घोषणा की है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, शक्ति केंद्र संयोजक श्याम प्रसाद दीक्षित, ग्राम प्रधान मिथलेश कुमार बच्चा लाल ने कहा कि मंत्री जी की घोषणा शहीदों के प्रति सम्मान को दर्शाती है। इसके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता दीप प्रकाश शुक्ला, भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, रविनंदन सिंह चौहान, नागेंद्र सिंह, राजेश सिंह फौजी, रामप्रताप सिंह, शिव प्रकाश पांडे, सुरेंद्र गुप्ता, कैलाश बाजपेई, मंटू बाजपेई, राजन अवस्थी, बबलू तिवारी, बीके सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने इस घोषणा का स्वागत किया है।

### महिला से दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**लालगंज :** लालगंज नगर के एक मोहल्ले की एक महिला शौच के लिए बाहर गई हुई थी। तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने महिला को दबोच लिया। विरोध करने पर मारपीट और महिला से दुराचार करने का आरोप लगाया गया है। महिला ने किसी तरह घर पहुंच कर परिजनों से आप बीती बताई। शिकायत पर पुलिस ने महिला का चिकित्सकीय परीक्षण करा कर मुकदमा दर्ज किया है। वही प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की खोजबीन की जा रही है।

### कूड़ा फेंकने पर महिला से मारपीट

**जगतपुर :** थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासिनी श्रीमती पत्नी शिव प्रसाद ने बताया कि पड़ोसी उनके घर के सामने कूड़ा फेंक रहे थे। मना करने पर तीन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### युवतियों पर चोरी का आरोप

**सलोन :** कोतवाली अंतर्गत करहिया चौकी क्षेत्र के रिसालदार का पुरवा निवासी कलावती पत्नी रामसजीवन ने गांव की दो युवतियों के खिलाफ चोरी की तहरीर दी है। जांच करने पहुंचे करहिया चौकी इंचार्ज मोहित कुमार ने बताया कि जब वह गांव पहुंचे तो दोनों पक्ष एक दूसरे पर मारपीट को आमादा थे। घटना चोरी की नही आपसी विवाद की थी। उनका कहना है कि छह महीने पूर्व दोनों ने महिला पर चोरी का आरोप लगाया था। चौकी इंचार्ज ने बताया कि दोनों पक्षो को शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से न्यायालय चालान किया गया है।

### विधायक ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**सलोन :** तहसील सभागार में शुक्रवार को जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में विधायक अशोक कुमार मौजूद रहे। विधायक ने शासन की ओर से उपलब्ध कराए गए कम्बल को जरूरतमंद लोगों को एसडीएम सलोन चंद्र प्रकाश गौतम के साथ संयुक्त रूप से वितरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। नायब तहसीलदार दीपिका सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## 36 घंटे बंद रहेगा लक्ष्मणपुर रेलवे गेट, वाहनों का रूट डायवर्जन

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** लक्ष्मणपुर-डलमऊ मार्ग पर स्थित रेलवे गेट संख्या 12-बी पर रेलवे विभाग द्वारा सरफेस रबराइजेशन का कार्य किया जाएगा। इसके चलते यह रेलवे गेट 30 जनवरी की रात 8 बजे से एक फरवरी की सुबह 6 बजे तक कुल 36 घंटे के लिए बंद रहेगा।

रेलवे गेट बंद रहने की अवधि में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से रेलवे विभाग ने पुलिस प्रशासन को पूर्व में ही सूचित कर दिया है। इस संबंध में पुलिस विभाग को पत्र भेजा गया है, जिसके आधार पर आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गेट बंद रहने के दौरान डलमऊ एवं सलोन की ओर आने-जाने वाले वाहनों के लिए रूट डायवर्जन लागू रहेगा। वैकल्पिक मार्ग के रूप में वाहन लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय मार्ग से धर्मदासपुर होते हुए डलमऊ रोड की ओर आवागमन कर सकेंगे। हालांकि इस दौरान आवागमन में परेशानी हो सकती है।

वहीं थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि रेलवे विभाग का पत्र प्राप्त हो चुका है। गेट बंद रहने के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। रूट डायवर्जन को सख्ती से लागू किया जाएगा, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## रात भर चलता रहा ड्रामा, मान मनौवल के लिए हांफता रहा प्रशासन

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

आक्रोश

- करंट की चपेट में आने से संविदा कर्मी की मौत का मामला

**अमृत विचार।** विभागीय लापरवाही से गड़बड़ी ठीक करते समय हादसे का शिकार हुए संविदा लाइन मैन सूरजभान की मौत के बाद गुरुवार की रात भर ड्रामा चलता रहा। आक्रोशित परिजन उसका शव रखकर दफन न करने की चेतावनी देते रहे और प्रशासन के अधिकारी मान मनौवल करने के चलते हांफते रहे। पूरे ड्रामे का पटाक्षेप शुक्रवार की दोपहर हुआ, तब जाकर सभी ने राहत की सांस ली।

ज्ञात हो कि क्षेत्र के हटवा गांव निवासी संविदा लाइनमैन सूरजभान बीती 24 को विद्युत लाइन ठीक करते समय करंट से हादसे का शिकार हो गए। जिनकी गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि शट डाउन के बावजूद विद्युत प्रवाह संचालित कर दिया गया था, जिससे घटना हुई। गुरुवार की शाम जब मृतक का शव उसके घर पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। उनकी मांगों की पूरी फेहरिस्त प्रशासन के सामने रख दी, जिससे ड्रामा शुरू हो गया। पूरी रात पुलिस व प्रशासन तथा विद्युत विभाग के जिम्मेदार परिजनों को समझाते रहे, किंतु वह टस से मस नहीं हुए। रात भर अधिकारी हांफते रहे, किंतु बात नहीं बन रही थी।

शुक्रवार की सुबह एसडीएम राजेश श्रीवास्तव, कोतवाल अजय कुमार राय और बिजली विभाग के अधिकारी मृतक के घर पहुंचे। काफी देर तक बातचीत का दौर चला। जिसके बाद अधिकारियों ने घोषणा की कि मृतक आश्रितों को संविदा कंपनी बीमा की राशि के अलावा मुख्य मंत्री दुर्घटना बीमा योजना, मृतक की पत्नी को बिजली विभाग में संविदा पर नौकरी, उसको पीएम आवास योजना का लाभ के अलावा बिजली कंपनी द्वारा अनुग्रह राशि दी जाएगी। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार को तैयार हुए। वहीं कोतवाल ने बताया है कि मृतक के परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए है।


मृत लाइनमैन के परिजनों को समझाते पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी।

# वसूली करने पहुंचे विद्युत कर्मियों पर हमला

## हमले के दौरान जान बचाकर भागे अवर अभियंता, दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा, मुकदमा दर्ज

खीरों (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शुक्रवार की दोपहर खीरों क्षेत्र के गांव मल्लपुर मजरे डुमटहर में बकाया राजस्व की वसूली करने पहुंची विद्युत उपकेन्द्र कलुआखेड़ा की पॉवर कॉरपोरेशन की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने विद्युत कर्मियों की जमकर पिटाई की। इतना ही नहीं कर्मचारियों के वीडियो बनाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। विद्युतकर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी ग्रामीणों ने अवर अभियंता पर हमला किया। पुलिस ने अवर अभियंता कलुआखेड़ा के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।


विद्युत कर्मियों के साथ शिकायती पत्र देने खीरों थाने पहुंचे अवर अभियंता विजय कुमार सिंह।

खीरों क्षेत्र के विद्युत उपकेन्द्र कलुआखेड़ा में तैनात अवर अभियंता विजय बहादुर सिंह ने खीरों थाने में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि मल्लपुर मजरे डुमटहर गांव निवासी रामअवतार यादव पुत्र वृंदावन यादव के नाम से घरेलू और निजी नलकूप का कनेक्शन संचालित है। उनके घरेलू कनेक्शन का 25055 रुपए बिल बकाया है। विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देश के अनुपालन में शुक्रवार को दोपहर बाद उपकेन्द्र कलुआखेड़ा में टीजी (2) के पद पर तैनात विवेक मिश्रा के नेतृत्व में लाइनमैन मनोज कुमार, अनूप कुमार और राजकिशोर की टीम को बकाया राजस्व की वसूली करने मल्लपुर मजरे डुमटहर गांव भेजा गया था। उपभोक्ता रामअवतार यादव के दरवाजे पहुंचे उक्त कर्मचारियों ने उन्हें बकाया बिल जमा करने को कहा। इसी दौरान उनके घर के पास ही संचालित निजी नलकूप से बाईपास कनेक्शन कर घरेलू उपयोग में बिजली चोरी करते पाए जाने पर कर्मचारी वीडियो बनाने लगे। जिससे नाराज होकर रामअवतार के बेटे दिलीप यादव, दीपक यादव, जीतलाल यादव पुत्र रामशंकर तथा दो अज्ञात युवकों और महिलाओं ने गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए हमला कर दिया।

इस मामले को लेकर प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित अवर अभियंता के शिकायती पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### वीडियो बना रहे कर्मचारियों के मोबाइल तोड़े

वीडियो बना रहे कर्मचारियों के मोबाइल छीनकर तोड़ दिए और मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही अवर अभियंता विजय कुमार सिंह और संविदाकर्मी हरिओम भी पहुंचे तो सभी लोगों ने कुल्हाड़ी लेकर दोनों लोगों पर भी हमला कर दिया और हरिओम को बेल्ट से पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी उक्त लोगों ने कर्मचारियों और अवर अभियंता विजय कुमार सिंह को भी पीट दिया।


विद्युत कर्मियों के साथ मारपीट करते ग्रामीण।

## कलह व पत्नी के घर छोड़ने से आहत युवक ने दी जान

बछरावां (रायबरेली)

- एक साल पहले ही हुआ था प्रेम विवाह, परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई गांव के पास स्थित गौशाला के निकट उस समय सनसनी फैल गई, जब पारिवारिक कलह से आहत पति ने फांसी लगाकर जान दे दी। एक साल पहले ही प्रेम विवाह हुआ था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।


अर्जुन की फाइल फोटो।

थुलेडी चौकी अंतर्गत हरदोई गांव के रहने वाले अर्जुन पुत्र ननकऊ का शुक्रवार की सुबह अपनी पत्नी रोशनी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। नाराज पत्नी रोशनी अपना पूरा सामान लेकर घर से ऑटो रिक्शा के माध्यम से अपने मायके के लिए निकल गई। पत्नी के चले जाने के बाद पति अर्जुन मानसिक रूप से परेशान हो गया और अपने खेत में जाकर एक नीम के पेड़ में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए और थोड़ी ही देर में उसकी पत्नी भी आ गई। बछरावां पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**नीलगाय से टकराया बाइक सवार घायल, बछरावां:** थाना क्षेत्र हरचंदपुर बाला हरदोई निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र महादेव बाइक से प्यारेपुर गांव जा रहा था। रास्ते में अचानक नीलगाय आ गई, जिससे टकराकर वह घायल हो गया। उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## हत्या के आरोपी भतीजे समेत दो को पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, सरेनी

- बीमा राशि हड़पने के लिए साथी के साथ घटना को भतीजे ने दिया था अंजाम

**अमृत विचार।** ब्रेजा कार की बीमा की धनराशि हड़पने के लिए बीती 13 जनवरी की रात को पूरे पासिन गांव में बनडई नहर पटरी के पास भतीजे ने अपने एक साथी की मदद से चाचा की रस्सी से गला घोट कर हत्या कर दी थी। साक्ष्य छिपाने के लिए मृतक के मुंह और कपड़ों में मिट्टी लगा दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के पूरे पासिन मजरे बन डई गांव के रहने वाले संजय कुमार का शव बीती 14 जनवरी को नहर पटरी की बगल में एक खेत में पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा तो रिपोर्ट में गला घोट कर हत्या करना पाया गया। उधर, मृतक की बेटी सोनाक्षी उर्फ यीशु ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया तो पुलिस की टीम खुलासे के लिए सक्रिय हो गई। पुलिस एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने हत्या के आरोपी अजीत उर्फ गद्दर पुत्र रामकुमार निवासी पूरे पासिन मजरे बंडई व इसी गांव के सूरज उर्फ टुन्नू पुत्र रामचंद्र उर्फ मंहगू को पुलिस ने बनडई नहर पुलिया के पास गिरफ्तार कर पूछताछ किया। अजीत उर्फ गद्दर ने बताया कि उस पर बहन की शादी करने व अन्य कारणों से काफी कर्ज हो गया था। उसने एक ब्रेजा कार अपने चाचा संजय के नाम फाइनेंस करवाया था, लेकिन किस्त नहीं जमा कर पा रहा था। इससे संजय का अजीत से विवाद होता था। वाहन बीमा व अन्य धनराशियों के लालच में अजीत ने संजय की हत्या की योजना बनाई और सूरज को रुपए देने का लालच देकर अपने साथ मिला लिया। बीती 13 जनवरी की रात को दोनों ने संजय को शराब पिलाकर नशे में कर दिया और आलू खोदने का बहाना बनाकर नहर किनारे खेत में ले गए, जहां योजना के तहत हत्या कर दी।

**दुष्कर्म आरोपी को भेजा जेल, जगतपुर:** पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेज दिया है। जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि दुष्कर्म की घटना में वांछित आरोपी प्रवेश कुमार पुत्र घनश्याम निवासी रामलीला मैदान थाना जगतपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## युवतियों के साथ अभद्रता में घिरा जिला अस्पताल प्रशासन, फार्मासिस्ट को हटाया

संवाददाता, रायबरेली

- वीडियो और आडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की जमकर हुई किरकिरी, प्रकरण को सुलटाने में लगे जिम्मेदार

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल प्रशासन इस बार बाहर की दवा लिखने और जांच में नहीं बल्कि युवतियों के साथ फार्मासिस्ट द्वारा अभद्रता करने पर घिर गया है। आरोपी फार्मासिस्ट की विभाग में मजबूत पकड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पहले सीएमएस द्वारा यह कहकर टाल दिया गया कि मामला सही नहीं है। उनके इस बयान पर किरकिरी होने लगी तो खुद को पाकसाफ साबित करते हुए आरोपी फार्मासिस्ट को इमरजेंसी से हटाकर मामले को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया। हालांकि उनके द्वारा जांच टीम गठित होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन पूर्व के बयानों और मनोस्थिति को देखते हुए ऐसा कहीं होता नहीं दिखाई दे रहा है।

चर्चा है कि युवतियों को त्वरित न्याय देने के बजाय अपनी जवाब देही से बचने के लिए सीएमएस ने उस फार्मासिस्ट को इमरजेंसी से हटाकर दवा वितरण में लगा कर सुरक्षित कर दिया है।

वहीं फार्मासिस्ट द्वारा युवतियों के साथ की गई कथित अश्लीलता, अमर्यादित व्यवहार और मां-बहन की गालियां देना केवल व्यक्तिगत आचरण का मामला नहीं, बल्कि एक स्त्री की लज्जा और कानून दोनों को मजाक बना देने जैसा कृत्य है। यह ऐसा अपराध है, जो केवल पीड़ित महिलाओं का नहीं बल्कि पूरे समाज का अपमान करता है। इसके बावजूद जिला अस्पताल की सीएमएस द्वारा आरोपी फार्मासिस्ट पर कड़ी कार्रवाई करने के बजाय उसे एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर देना गंभीर चिंता का विषय है।

**लिखित शिकायत का बहाना, कार्रवाई से बचने की तैयारी:** दो युवतियों के साथ मोबाइल पर अश्लीलता बाते करने आरोप सामने आने के बावजूद जिला अस्पताल प्रशासन कड़ा कदम उठाने से बचता नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक इस पूरे मामले में "लिखित शिकायत न मिलने" को सबसे बड़ा आधार मान रही हैं।

अब सवाल यह है कि क्या वायरल ऑडियो-वीडियो, मौखिक शिकायतें और सार्वजनिक रूप से सामने आया मामला प्रशासन के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में केवल लिखित शिकायत के अभाव का तर्क देकर आरोपी फार्मासिस्ट पर निलंबन या कानूनी कार्रवाई न करना, प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े करता है।


जिला पुरुष अस्पताल। अमृत विचार


"मामला संज्ञान में आने के बाद टीम गठित कर दी गई है। जांच के बाद दोष सिद्ध होने पर संबंधित पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। फार्मासिस्ट को इमरजेंसी से हटाकर दवा वितरण में लगा दिया गया है।
-डॉ. पुष्पेंद्र कुमार, सीएमएस जिला अस्पताल।

### समाचार पत्र वितरकों और स्कूली बच्चों को किया गया सम्मानित

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार।** सर्दी, गर्मी हो या फिर बरसात बिना किसी रूकावट के हर दिन हमें सुबह खबरों को पहुंचाने वाले समाचार पत्र वितरकों की मेहनत के कारण ही संभव है। उनके परिश्रम से ही हमें देश दुनिया की जानकारी मिलती है। उक्त विचार आदि शक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान कोरवां गांव में समाजसेवी पवन अग्नित्री ने व्यक्त किए। उन्होंने समाचार पत्र वितरकों को सम्मानित करते हुए हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया। उन्होंने प्राथमिक पाठशाला कोरवां के बच्चों के साथ समाज में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया। कहा कि यह अवसर यदा कदा ही मिलता है। बच्चे देश का भविष्य है। उन्हें शिक्षा से अभिभावक कतई वंचित ना करें। श्रीकान्त अग्निहोत्री, डा. अंजनी अग्निहोत्री, मालती शुक्ला, श्याम अग्निहोत्री, ओम अग्निहोत्री, बचान पासवान ने भी विचार व्यक्त किए। सुन्दर सिंह शिकरवार, सूर्यबली सिंह ने कहा कि इससे समाज में समरसता का भाव उत्पन्न होता है। इस मौके पर राहुल पासवान ,लक्ष्मीकांत अग्निहोत्री, राम शरण अग्निहोत्री, अनिल गुप्ता, संतोष कुरील, अंकित सोनी, छोटू मिश्रा, रामचन्द्र तिवारी, अशोक सिंह, नीरज श्रीवास्तव, रामनारायण, मुकेश पासवान, राजेन्द्र विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।


छात्र को सम्मानित करते पवन अग्निहोत्री।

### शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण : डीएम

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष रायबरेली विकास प्राधिकरण हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में समाधान दिवस कैंप का आयोजन आरडीएम सभागार में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं और प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस दौरान शमन और ओबीपीएएस से सम्बन्धित 25 मानचित्रों का निस्तारण किया गया है, जिसके अन्तर्गत एक करोड़ 34 लाख प्राधिकरण को प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त दो करोड़ 25 लाख की 18 आरसी जारी की गई। समीक्षा में अवगत कराया गया कि जनवरी माह में 41 प्रवर्तन की कार्यवाही की गई है, जिलाधिकारी ने प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/सचिव आरडीए विशाल कुमार यादव, उप जिलाधिकारी सचिन यादव सहित आरडीए के अधिकारी उपस्थित रहें।

### पेड़ काटने का वीडियो वायरल, चेते जिम्मेदार

**महराजगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों हरे भरे पेड़ों की अवैध कटान जोरों पर है। सक्रिय वन माफियाओं ने शुक्रवार को खुलेआम ओथी गांव में एक दर्जन से अधिक महुआ, जामुन व आम के हरे पेड़ों की कटान शुरू कर दी। दोपहर करीब एक बजे ग्रामीणों ने अवैध कटान के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए तो प्रशासन की नींद टूटी। मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल अमित शुक्ला ने कटान को रोक दिया। सवाल यह है कि इतने बड़े पैमाने पर दिन दहाड़े हो रही अवैध कटान से वन विभाग व पुलिस प्रशासन भी अनजान बना रहा। लेखपाल अमित शुक्ला ने बताया कि ओथी गांव निवासी भगौती प्रजापति द्वारा थुलवासा निवासी ठेकेदार संजय सोनकर से पेड़ों का सौदा किया था। कार्रवाई के बाबत लेखपाल ने बताया कि मौक़ा पर पहुंच कर कटान बंद करा दी गई है। मौके पर पड़ी लकड़ी प्रधान के सुपुर्द की गई है। वहीं एसडीएम गौतम सिंह ने बताया कि अवैध कटान की जानकारी मिली है। हल्का लेखपाल को सम्बंधित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। कोतवाल जगदीश यादव ने कहा-लेखपाल की तहरीर पर संजय के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### अमावां क्षेत्र के 56 विद्यालयों का निपुण आकलन

**संवाददाता, रायबरेली।** अमावां विकास खंड के प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में निपुण आकलन प्रक्रिया प्रगति पर है। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल के तहत 30 जनवरी तक 129 विद्यालयों में से 56 में डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण आकलन किया जा चुका है, जो इस परियोजना के एक महत्वपूर्ण चरण को दर्शाता है। खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने बताया कि आकलन के दौरान छात्रों ने अपनी अधिगम क्षमताओं का प्रभावी प्रदर्शन किया। विशेष रूप से कम्पोजिट विद्यालय दाऊद नगर, बहादुर नगर, प्राथमिक विद्यालय चकदादर, हिलगी, मंचितपुर, हरदासपुर, हरियावां और प्राथमिक विद्यालय खैराना के छात्र-छात्राओं ने आकलन में सबसे बेहतर प्रदर्शन कर शिक्षा के प्रति अपनी गंभीरता और शिक्षकों के प्रयासों को रेखांकित किया है।


निपुण आकलन के दौरान मौजूद बीईओ ऋचा सिंह व अन्य लोग। अमृत विचार

आयोजन

एम्स की राष्ट्रीय कार्यशाला में देश के 300 से अधिक विशेषज्ञ हो रहे शामिल, तम्बाकू मुक्त का दिया संदेश

# डिप्टी सीएम ने एम्स में राष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारम्भ

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक शुक्रवार को अखिल भारतीय आयुर्वेदिक विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज पहुंचे। यहां पर चार दिवसीय तम्बाकू व स्वास्थ्य राष्ट्रीय सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते हुए तम्बाकू पर आयोजित सम्मेलन को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। जिला प्रशासन व आम जनमानस को भी सम्मेलन में भागीदारी करने की बात कही।

डिप्टी सीएम ने युवा पीढ़ी को तम्बाकू से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि नशा शरीर के लिए हानिकारक होता है। वह काम कभी नही करना चाहिए, जिसके लिए चेहरा छिपाना पडे.। तम्बाकू चाहे खाई जाए चाहे सिगरेट के रूप मे सेवन की जाए हर तरह से शरीर के सभी अंगों को नुकसानदेह होता है। एम्स निदेशक प्रो. डा. अमिता जैन ने एम्स परिसर को पूरी तरह से तम्बाकू मुक्त बताते हुए कहा कि आसपास और जिले के गांवों में कैंप लगाकर नशामुक्त समाज बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्री सम्मेलन में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।


एम्स में दीप प्रज्ज्वलित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

तम्बाकू विशेषज्ञ डा. राना जय सिंह ने तम्बाकू के हानिकारक प्रभावों को बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में तम्बाकू का सेवन करने वाले 27 करोड़ लोग हैं, जिसमें से बीस करोड़ लोग तम्बाकू खाते है। पूरे देश मे बीस प्रतिशत लोग तम्बाकू का सेवन करते हैं। वही प्रदेश मे ढाई से तीन करोड़ लोग सिगरेट और पांच से छह करोड़ लोग बीड़ी पीते हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली भारत सरकार अविनाश सूंतालिया, नेशनल एडवाइजरी कमेटी सदस्य पीसी गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए। यह आयोजन सामुदायिक चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. भोलानाथ की देखरेख में किया जा रहा है। इस दौरान उपनिदेशक कर्नल अखिलेश सिंह, डीन प्रो. डॉ. नीरज कुमारी, वित्तीय सलाहकार यूएन राय, अधीक्षक प्रो. नीरज श्रीवास्तव, डॉ. सुयश सिंह, डॉ. अभय, डॉ. सौरभ पुवाल, डॉ. नीरज पवार, प्रो. डॉ. मधुकर मित्तल आदि मौजूद रहे।

### डिप्टी सीएम ने पवन पुत्र की चौखट पर टेका माथा

बछरावां, रायबरेली। शुक्रवार को प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने जिले के सिंह द्वार पर स्थित क्षेत्र के प्रसिद्ध पिपलेश्वर चुरुवा हनुमान मंदिर पर पवन पुत्र की चौखट पर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर के पुजारी ऋषि अवस्थी के द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ उपमुख्यमंत्री को पवन पुत्र हनुमान जी की पूजा अर्चना कराई गई। मंदिर प्रांगण में मौजूद लोगों के द्वारा उपमुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेट कर सम्मानित किया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री अपने एकदिवसीय दौरे पर जिले के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सातवें राष्ट्रीय तम्बाकू और स्वास्थ्य कार्यक्रम शामिल होने के लिए चले गए। वहीं केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी ने समस्याओं को लेकर उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।


हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रतियोगिता में लहंगा ने डीह को दी शिकस्त

डीह (रायबरेली): ब्लाक के आशापुर खेल मैदान में चल रहे राजपूत क्रिकेट प्रतियोगिता में डीह और लहंगा के बीच मैच हुआ। डीह के कप्तान रोहित ने टास जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। लहंगा टीम के कप्तान धीरज सिंह के नेतृत्व में टीम के खिलाड़ियों ने अच्छी बल्लेबाजी करके 10 ओवर में 194 रन बनाए। जवाब में उतरी डीह टीम के खिलाड़ी 10 ओवर में 64 रन बनाकर आल आउट हो गए। शिक्षक अमित सिंह चौहान ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैच में विक्रांत सिंह, राजेश सिंह, अनिल सिंह, सौरभ, शिवांशु आदि मौजूद रहे।

### नौकरी दिलाने के नाम पर 40 हजार की ठगी

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के अरवल कीरी करवत गांव निवासी अनीता पत्नी गोविंद ने आरोप लगाया कि कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी राधेश्याम ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक लाख रुपये मांगे थे। दिसंबर 2025 में पीड़िता ने 40 हजार रुपये नगद दे दिए, लेकिन न नौकरी मिली और न पैसा वापस हुआ। उल्टे फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### जान से मारने की धमकी देने पर केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गोथुआ गोपालपुर जागीपुर निवासी राममिलन 27 जनवरी को पत्नी जमुना देवी के साथ कादीपुर रिश्तेदारी आए थे। आरोप है कि वापस जाते समय वांदा रोड पर बाइक सवार एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### बोलेरो की टक्कर से वृद्ध गंभीर घायल

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के खालिसपुर मुबारकपुर गांव निवासी रामराज (80) बोलेरो की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। 26 जनवरी को अपराह्न तीन बजे वह मुडिला डीह बाजार से घर लौट रहे थे। प्राथमिक विद्यालय मुडिला डीह के पास पीछे से आ रही बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल वृद्ध को शाहगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सरकार की नीतियों से योजना का स्वरूप बिगड़ा

**आक्रोश: मनरेगा बचाने के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी, ग्रामीण रोजगार पर सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल**

संवाददाता, अमेठी



ब्लॉक तिराहे पर स्थित डॉ. आंबेडकर प्रतिमा के पास प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

**अमृत विचार।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमेठी द्वारा अंबेडकर पार्क में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आयोजित चौपाल में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो गरीबों को रोजगार की गारंटी देती है और उनकी आजीविका का साधन है। सरकार की नीतियों के कारण इस महत्वपूर्ण योजना का स्वरूप बिगड़ रहा है, जिससे ग्रामीण पलायन को मजबूर हो रहे हैं।

ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजू शुक्ला ने मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण परिवारों को रोजगार की सुरक्षा प्रदान की थी। पहले सप्ताह भर की मजदूरी मिल जाती थी, जिससे महिलाओं की गृहस्थी आसानी से चलती थी। लेकिन अब मजदूरी मिलने में देरी हो रही है, और कई ग्राम पंचायतों को सालों से बजट नहीं मिल पा रहा है। इस कारण रोजगार की तलाश में मजदूर पलायन कर रहे हैं, और सरकार गरीबों से उनका रोजगार छीन रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस मनरेगा का नाम बदलने के किसी भी प्रयास का पुरजोर विरोध करेगी, क्योंकि यह योजना गरीबों के सशक्तिकरण का प्रतीक है।

वहीं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद चतुर्वेदी ने राज्य के सपा विधायकों पर जनता के धन का दुरुपयोग कर ऐश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन विधायकों का जनता से कोई सरोकार नहीं है और वे अकूत संपत्ति के मालिक बन गए हैं। उन्होंने जनता से ऐसी ताकतों से सावधान रहने की अपील की और दोहराया कि कांग्रेस हमेशा गरीबों के साथ खड़ी रही है और रहेगी। ब्लॉक अध्यक्ष अमेठी महावीर कोरी ने कहा कि मनरेगा के माध्यम से ग्राम पंचायतों का विकास संभव होता था, जिससे ग्रामीणों को किसी के आगे हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। मनरेगा ने जनता को अधिकार दिए थे, जिन्हें सरकार छीन रही है। उन्होंने जनता से सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने का आह्वान किया।

जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि कांग्रेस हमेशा सेवा और श्रम के सिद्धांतों पर चली है। मनरेगा की शुरुआत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कहा कि अमेठी की जनता अब मनरेगा का नाम बदलवाने को स्वीकार नहीं करेगी। गांवों में मजदूरों और महिलाओं में इस बात को लेकर आक्रोश व्याप्त है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महावीर कोरी ने किया, जबकि वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलदेव सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

### महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया शांतिपूर्ण धरना

**संग्रामपुर (अमेठी), अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अमेठी जनपद के विकास खंड संग्रामपुर मुख्यालय के पास कांग्रेस पार्टी द्वारा शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया गया। यह धरना वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजीव सिंह कसारा के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। धरने की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद कांग्रेसियों ने "रघुपति राघव राजा राम" भजन का सामूहिक गायन किया और गांधी जी अमर रहें के नारे लगाए। इस अवसर पर राजीव सिंह कसारा ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को आजादी दिलाई। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना को कमजोर कर रही है और उसकी जगह 'बीवी जी राम जी योजना' लागू की गई है, जिसमें मजदूरों की मजदूरी का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि यह योजना आम जनता के बजाय पूंजीपतियों के हित में है। यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव शिवेन्द्र विक्रम सिंह ने योजना के खिलाफ संघर्ष की बात कही। ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश मिश्रा ने सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताया। धरने में कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## मनरेगा को वापस लाने के लिए कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन




विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस के कार्यकर्ता। अमृत विचार

तिलोई (अमेठी)

**अमृत विचार।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना का नाम बदलने और श्रमिकों के हितों के साथ खिलवाड़ करने को लेकर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मनरेगा कानून को वापस लाने की बात कही। शुक्रवार को क्षेत्र के मोहनगंज कस्बा में महिला ब्लॉक उपाध्यक्ष नीलिमा शुक्ला के आवास पर जिला उपाध्यक्ष परमानंद मिश्रा के नेतृत्व में एकत्र कांग्रेसियों ने सरकार की नीतियों का जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार को चेतावनी दी।

**आक्रोश**

आक्रोशित कांग्रेसियों ने कहा सरकार मनरेगा का कानून जो श्रमिकों के हित में नहीं है उसे वापस नहीं लिया तो श्रमिक वर्ग को मजबूर होकर प्रदर्शन और आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। मनरेगा योजना का केंद्र सरकार द्वारा नाम बदलते हुए जीरामजी किए जाने का कांग्रेसी विरोध कर उसे मनरेगा नाम से चलाने की मांग किया। इसके अलावा कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाकर उन्हें याद करते हुए नमन किया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष काशी प्रसाद, सूर्यमणि ओझा, दिलीप कुमार श्रीपाल समेत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

संवाददाता, तिलोई (अमेठी)



सत्यम सिंह की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** ब्लॉक तिलोई अंतर्गत ग्राम उत्तर पारा निवासी महेश प्रताप सिंह (बबूल सिंह) के भतीजे सत्यम सिंह की दिल्ली में वाहन दुर्घटना के दौरान 28 तारीख को आकस्मिक मौत हो गई। इस दुखद घटना से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव पूरे बैस (अड्डा), अलाईपुर में पूरे विधि-विधान के साथ किया गया।

परिजनों के अनुसार सत्यम सिंह दिल्ली में रहकर अपने कार्य में लगे हुए थे। बताया जा रहा है कि 28 तारीख को एक वाहन दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। जैसे ही घटना की सूचना गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया और रिश्तेदारों व शुभचिंतकों का तांता लग गया। अंतिम संस्कार के दौरान गांव का माहौल गमगीन रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार, मित्र और क्षेत्र के गणमान्य लोग शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं महेश प्रताप सिंह (बबूल सिंह) सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। ग्रामीणों ने बताया कि सत्यम सिंह मिलनसार और व्यवहार का लड़का था।

## एक माह से अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी

मुसाफिरखाना (अमेठी)



तहसील गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार को तहसील गेट पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एसडीएम अभिनव कन्नौजिया के खिलाफ तहसील गेट पर जमकर नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं की हड़ताल को शुक्रवार को एक माह पूरा हो गया, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अधिवक्ताओं ने 30 व 31 जनवरी को तहसील गेट पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इस दौरान शासकीय एवं सरकारी कार्यों के पूर्ण बहिष्कार की घोषणा भी की गई है।

धरना-प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखी और एसडीएम मुसाफिरखाना अभिनव कन्नौजिया पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। अधिवक्ताओं का कहना है कि एसडीएम की कार्यशैली जनहित के विपरीत है, जिससे आम जनता के साथ-साथ वादकारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में एसडीएम अभिनव कन्नौजिया के तत्काल तबादले की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उक्त धरना स्थल पर सैकड़ों अधिवक्ता शामिल रहे।

**आक्रोश**

- सरकारी कार्यों के पूर्ण बहिष्कार की घोषणा की गई

### आशा संगिनी संगठन की जिलाध्यक्ष बनीं कमलेश सिंह, सीएमओ ने दिया प्रमाणपत्र

**संग्रामपुर (अमेठी), अमृत विचार।** अमेठी जनपद में आशा संगिनी कर्मचारी संगठन का गठन किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार उपाध्याय की देखरेख में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से संग्रामपुर में तैनात आशा संगिनी कमलेश सिंह को संगठन का जिलाध्यक्ष चुना गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीगंज की आशा संगिनी मिथिलेश सिंह को उपाध्यक्ष तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी की मीना उपाध्याय को महामंत्री नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। जिलाध्यक्ष बनने पर कमलेश सिंह ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगी।



प्रमाणपत्र देते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह।

### 7.35 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्र लंभुआ के तीनों विकास खंडों में शुक्रवार को कुल 7 करोड़ 35 लाख रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा ने इन योजनाओं का शुभारंभ किया। सभी शिलान्यास कार्य विधायक निधि से स्वीकृत बताए गए हैं। विधायक ने शिवगढ़ क्षेत्र में हरिलाल वैद्य के घर से विजय बहादुर के घर तक सड़क निर्माण, चौकिया में अजय पांडे के घर से प्रवीण कुमार सिंह के घर तक निर्माण कार्य तथा भदैया ब्लॉक के ग्राम पंचायत कैभे में महेश्वर रोड से काली माता मंदिर तक सड़क के नव निर्माण का शिलान्यास किया। इसी क्रम में पीपी कमैचा ब्लॉक के ग्राम सोनवा में एनएच-730 से नीरज के घर होते हुए अवधेश मिश्रा के घर तक सड़क निर्माण तथा ग्राम भीटी में भोला यादव के घर से हरिश्चंद्र यादव की दुकान तक सड़क के नव निर्माण समेत कुल 64 योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। विधायक सीताराम वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बहा रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### कांग्रेसियों ने मनाया शहादत दिवस

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व तथा शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति में शहर के सुपर मार्केट स्थित गांधी पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'रघुपति राघव राजा राम' के सामूहिक पाठ से हुई, इसके बाद विचार गोष्ठी आयोजित कर महात्मा गांधी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि भाजपा सरकार सुनियोजित तरीके से महात्मा गांधी के नाम, विचार और प्रतीकों को मिटाने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को आज़ादी दिलाई, जबकि वर्तमान सरकार झूठ, डर और दमन के सहारे सत्ता चला रही है। संविधान और लोकतंत्र पर लगातार हमले हो रहे हैं। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से देश में बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक वैमनस्य चरम पर है। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुब्रत सिंह सनी, आवेश अहमद, रंजीत सिंह सलूजा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## महराजगंज की हलोर सब्जी मंडी की बदलेगी सूरत

महराजगंज (रायबरेली)

- विधायक और राज्यमंत्री की पहल पर मरम्मत का रास्ता साफ



महराजगंज क्षेत्र में स्थित की हलोर सब्जी मंडी।

**अमृत विचार।** महराजगंज क्षेत्र स्थित हलोर सब्जी मंडी के व्यापारियों और स्थानीय निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से बारिश के दौरान होने वाले भारी जलभराव की समस्या का अब स्थायी समाधान होने जा रहा है। शासन स्तर पर मंडी के जीर्णोद्धार और मरम्मत की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। मंडी में जलभराव की गंभीर समस्या को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों ने इसके निराकरण की मांग उठाई थी। जनहित के इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारतीय ने 24 दिसंबर 2025 को कृषि उत्पादन मंडी समिति बछरावां को लिखित पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया था। विधायक की सक्रियता के बाद राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद ने हलोर बाजार स्थित उप-मंडी स्थल की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट शासन को सौंपी। विधायक की शिकायत और परिषद की रिपोर्ट के अनुक्रम में 7 जनवरी 2026 को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश सिंह ने मामले का संज्ञान लिया। उपनिदेशक निर्माण मंडी परिषद से प्राप्त सूचना के आधार पर राज्य मंत्री ने मंडी समिति बछरावां से कार्य सुधार और मरम्मत का विस्तृत प्रस्ताव मांगा है।

जलभराव रोकने के लिए मंडी स्थल के धरातल को ऊंचा किया जाएगा। वर्षों पहले बनी जर्जर हो चुकी उप-मंडी की मरम्मत की जाएगी। बारिश के पानी के निकास के लिए ड्रेनेज सिस्टम भी बनाया जाएगा। व्यापारियों में उम्मीद जगी है कि शासन से बजट और प्रस्ताव पास होते ही निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो जाएगा, जिससे क्षेत्र के हजारों किसानों और व्यापारियों को कीचड़ और पानी से निजात मिल सकेगी।

### मोहनगंज टोल प्लाजा पर शुल्क वसूली शुरू

**तिलोई/अमेठी।** रायबरेली-अयोध्या राजमार्ग पर स्थित मोहनगंज टोल प्लाजा पर शुल्क वसूली की औपचारिक शुरुआत कर दी गई है। बुधवार को एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर आर.बी. सिंह ने साइट इंजीनियर विकल्प सिंह के साथ टोल प्लाजा का शुभारंभ कराया। उन्होंने बताया कि टोल कलेक्शन का कार्य बालाजी इंटरप्राइजेज को सौंपा गया है। टोल कर्मियों को शालीनता और नियमों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए किसी भी समस्या की तत्काल सूचना देने को कहा गया है। इस अवसर पर बालाजी इंटरप्राइजेज के महाप्रबंधक महेश मिश्रा सहित पुष्कर तिवारी, भास्कर चौबे और अमित यादव मौजूद रहे। हालांकि टोल संचालन शुरू होने के बावजूद राजमार्ग से जुड़े कई कार्य अब भी अधूरे हैं। मोहनगंज और मटरेवा क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी हैं। कस्बा मोहनगंज में जल निकासी का नाला क्षतिग्रस्त है, वहीं भेलाई कला मार्ग पर बना नाला टूटा पड़ा है। डिवाइडर दो स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने से आए दिन राहगीर घायल हो रहे हैं।



टोल प्लाजा से गुजरते वाहन।

### कूड़े का लगा अंबार, जनजीवन और स्वास्थ्य को खतरा

**अमेठी, अमृत विचार।** नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई कर्मियों द्वारा बाईपास पेट्रोल पंप से मुंशीगंज रोड तक सड़क किनारे कूड़ा फेंका जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों में गहरा आक्रोश है। यह लापरवाही संक्रामक बीमारियों को न्योता दे रही है, वहीं सड़क किनारे दुकान चलाने वाले व्यापारियों ने विरोध जताया तो उन्हें धमकाया भी गया। नगर पंचायत की उदासीनता के चलते सफाई कर्मचारी शहर का कूड़ा अंतू रोड, गौरीगंज रोड और पेट्रोल पंप धम्मौर रोड के पास भी फेंक रहे हैं। नगर निवासी मनोज श्रीवास्तव, संतोष अग्रहरि, संजय सिंह, राजकुमार सहित दर्जनों लोगों ने जिला अधिकारी से शहर में एक निश्चित कूड़ाघर बनाने और वहीं कूड़ा फेंकने की व्यवस्था करने की मांग की है। सुबह टहलने निकलने वाले नागरिकों को गंदगी और बदबू के कारण चलना मुश्किल हो रहा है। परेशान लोगों ने समस्याओं को कारगार कदम उठाने की गुहार लगाई है। वहीं इस संबंध में अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि कूड़ाघर के लिए जमीन की तलाश की जा रही है और इस संबंध में पत्र लिखा गया है, कार्यवाही जारी है।

## बेहतर कार्य पर बीमा अभिकर्ताओं का सम्मान

संवाददाता, रायबरेली



भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में मौजूद लोग।

**अमृत विचार।** भारतीय जीवन बीमा निगम की मीटिंग एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य प्रबंधक अरुण कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बेहतर प्रदर्शन पर मुख्य जीवन बीमा सलाहाकार सुपर प्लेटिनम बिग्रेड और उनकी टीम को सम्मानित किया गया।

सम्पूर्ण भारत के टॉपर्स क्षेणी में स्थान रखने वाले एवं उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड में दूसरे स्थान पर 2100 पॉलिसी सहित पांच करोड़ प्रथम प्रीमियम के आधार पर टॉपर्स मुख्य जीवन बीमा सलाहकार सुपर प्लेटिनम बिग्रेड मान बहादुर सिंह एवं उनकी टीम को मुख्य प्रबंधक के साथ उप प्रबन्धक सीएलआईए मनीष कुमार अवस्थी, सहायक शाखा प्रबंधक ओबैद अहमद ने बधाई दी। इस दौरान शतकवीर सुरेश कुमार निषाद, सोनिया, शिव, देवेंद्र बहादुर सिंह, अर्ध शतकवीर रामजी वैश्य, रहमत अली, सचिन कुमार यादव, दिनेश कुमार गुप्ता, श्रीचन्द्र शर्मा, दिनेश कुमार दुबे, मनोज कुमार गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, दसरथ यादव, सतीष कुमार गुप्ता आदि को सम्मानित किया गया।

मुख्य प्रबंधक ने एलआईसी द्वारा गारंटीड रिटर्न प्लान स्पेशल महिलाओं के लिए बीमा लक्ष्मी और 10 प्रतिशत रिटर्न की गारंटीड प्लान जीवन उत्सव, 9.50 प्रतिशत गारंटीड रिटर्न का प्लान नव जीवन श्री की टीम से विस्तार से चर्चा की। मुख्य बीमा सलाहकार मान बहादुर सिंह ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3000 पॉलिसी सहित 6 करोड़ प्रथम प्रीमियम पूर्ण करने का लक्ष्य समय से पहले पूर्ण करने का अपना संकल्प दोहराया। वहीं सहायक शाखा प्रबंधक ओवैद अहमद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**आक्रोश** | मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस ने चौपाल का किया आयोजन

## मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेसियों ने जताया विरोध

डीह, रायबरेली



मनरेगा बचाओ अभियान की चौपाल में बोलते पूर्व प्रत्याशी अर्जुन पासी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सलोन विधान सभा क्षेत्र के सलोन, डीह, छतोंह में मनरेगा बचाओ अभियान के चौपाल का आयोजन हुआ। कांग्रेस पार्टी के सलोन विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अर्जुन पासी के नेतृत्व में गांव के उपस्थित ग्रामीण एवं मनरेगा कर्मचारियों को भाजपा के द्वारा किया जा रहा तुष्टिकरण, मनरेगा योजना का खात्मा एवं मनरेगा का नाम बदल कर इसके अस्तित्व को खत्म करने की योजना से अवगत कराया गया।

ग्रामीणों को बताया गया कि जहां भाजपा सरकार सिर्फ पूंजीपतियों के फायदे के लिए सिर्फ योजना का नाम एवं प्रारूप बदल कर मनरेगा को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रभारी राकेश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष शिव दर्शन पासी, अनुराग द्विवेदी, सलाऊदीन, आनंद सिंह, किरन, राजीव, जगदेव पासी, इंद्रपाल, प्रभाकर, दिनेश सिंह, रामेश्वर यादव, प्रभा शंकर वर्मा, अशोक मिश्रा, राम संजीवन पटेल आदि मौजूद रहे।

### लुआक्टा उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**लालगंज (रायबरेली)।** बैसवारा महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य एवं लुआक्टा उपाध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह मेजर ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा है। पत्र में उच्च शिक्षा के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान कराए जाने की मांग की है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि लुआक्टा उपाध्यक्ष का कहना है कि उच्च शिक्षा में संलग्न शिक्षक पूर्ण निष्ठा के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। सरकार द्वारा पूर्व में कई बार सार्वजनिक मंचो एवं समाचार पत्रों के माध्यम से कैशलेस योजना का लाभ देने की घोषणा सभी शिक्षकों के साथ उच्च शिक्षा के शिक्षकों के लिए भी गई थी। डॉ.मेजर ने बताया कि यह अत्यंत खेद का विषय है की घोषणा के कई महीनों बाद जब यह सुविधा योजना लागू की जा रही है तो उच्च शिक्षा के शिक्षकों को इस योजना से वंचित कर दिया गया है। महाविद्यालयो के शिक्षक एवं कर्मचारी सरकार के इस सौतेले व्यवहार से काफी आहत एवं ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। लुआक्टा उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से उच्च शिक्षा के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लाभ प्रदान कराए जाने की मांग की है।

